


# दैनिक माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं,छापते है

संपर्क करें

9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-160 | इटावा,रविवार 09 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## राजस्थान में मोदी बोले- हम योजनाओं का पैसा भेजते हैं, कांग्रेस का पंजा झपट्टा मार देता है



एजेंसी ■ बीकानेर

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीकानेर नौरंगदेसर गांव की सभा में कहा कि हम दिल्ली से योजनाओं का पैसा भेजते हैं, यहां कांग्रेस का पंजा झपट्टा मार देता है। कांग्रेस सरकार ने चार साल में राजस्थान का बहुत नुकसान किया है और ये बात कांग्रेस के नेता भी अच्छी तरह जानते हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस का एक ही मतलब है। लूट की दुकान, झूठ का बाजार।

कांग्रेस की झूठ की राजनीति का शिकार सबसे ज्यादा राजस्थान का किसान हुआ है। पिछले चुनावों में किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया था। इनके नेता ने 10 दिन में कर्जा माफ करने की कसम खाई थी। 10 दिन, 10 महीने और आज 4 साल में भी कर्जा माफ हुआ क्या? मोदी नौरंगदेसर गांव में सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा- यहां मौजूद भीड़ का उत्साह बताता है कि राजस्थान में मौसम का पारा ही नहीं चढ़ा है, बल्कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता का पारा भी चढ़ चुका है। जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी चढ़ते और उतरते भी वक्त नहीं लगता है। पीएम मोदी ने कहा-मुझे पता चला है कि कुछ मंत्री-विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली करके अपने खुद के घरों में शिफ्ट होने लगे हैं। अपनी हार पर इतना भरोसा सिर्फ कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। दीया बुझने से पहले लपलपाता है।

### संक्षिप्त समाचार

### फिर सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंचा उद्धव ठाकरे गुट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले समूह को 'शिवसेना' पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न देने के चुनाव आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग कर शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने एक 'लेटर ऑफ अर्जेंसी' पेश किया। अपनी ताजा याचिका में उद्धव गुट ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाला समूह शिवसेना के प्रतीक का 'अवैध रूप से' उपयोग कर रहा है। यह कदम महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष और शिव सेना (यूबीटी) नेता नीलम गोरे के मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना में शामिल होने के एक दिन बाद आया है। शिंदे ने पार्टी के अधिकांश विधायकों को तोड़कर अपने साथ कर लिया और महाराष्ट्र में भाजपा के समर्थन से सरकार बना ली।

# बंगाल पंचायत चुनाव में 15 मौतें

## कहीं बैलेट बॉक्स की लूट तो कहीं बमबारी, शाह ने ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी

एजेंसी ■ कोलकाता





पश्चिम बंगाल की 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर मतदान खत्म हो गया है। बाकी 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। 3 बजे तक 51त्न मतदान हुआ है। खत्म होने के बाद का आंकड़ा अभी तक नहीं आया है। चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आएंगे।

सेंट्रल फोर्सेस की तैनाती के बाद भी अलग-अलग इलाकों से हिंसा की खबरें आई। कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट पेपर फाड़ने, बैलेट पेपर में आग लगाने की घटनाएं देखी गई। कूच बिहार के माथभंगा-1 ब्लॉक के हजराहाट गांव में एक युवक बैलेट बॉक्स लेकर भाग गया।

साउथ 24 परगना के भांगड़ ब्लॉक के जमीरगाछी में इंडियन सेक्यूलर फ्रंट और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। यहां गांव के लोगों ने बताया कि टीएमसी के लोग थैले में भरकर बम लाए थे। टीएमसी कार्यकर्ता गांव के लोगों को डराकर वोट डलवा रहे थे। उन्होंने इतने बम फेंके कि 2 घंटे तक पोलिंग रुकी रही। कुछ बम मीडियो वालों की तरफ भी फेंके।

पिछले 24 घंटों में चुनावी हिंसा में छह जिलों में 15 लोगों के मरने की खबर है। मरने वालों में आठ TMC कार्यकर्ता, तीन CPI(M) कार्यकर्ता, कांग्रेस-भाजपा और ISF के एक-एक कार्यकर्ता और एक निर्दलीय उम्मीदवार का पोलिंग एजेंट शामिल है। 9 जून से अब तक हिंसक घटनाओं में मरने वालों की संख्या 30 हो चुकी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पंचायत चुनाव 2003 में 76, 2013 में 39 और 2018 में 30 मौतें हुई थीं।

हिंसा की घटनाओं को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने BJP के प्रदेश अध्यक्ष सुकान्त मजूमदार से भी बात की और कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली। वहीं, नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल जल रहा है। केंद्र को यहां राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। इधर, BSF ने चुनाव आयोग को लेटर लिखकर कहा की उन्हें संवेदनशील बूथों के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई थी।

### 9,013 सीटों पर निर्विरोध चुने गए हैं उम्मीदवार

राज्य में ग्राम पंचायत की कुल 73,887 सीटें हैं, जिनमें से 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। वहीं, भाजपा के 63 उम्मीदवार, कांग्रेस के 40 और टीएमसी के 36 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे। साल 2018 के पंचायत चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 58,692 में से 20,078 यानी 34.2 प्रतिशत सीटों पर फैसला निर्विरोध रहा था। इनमें से करीब सभी सीटें टीएमसी ने जीती थीं।

# देश के 8 राज्यों में बाढ़ जैसे हालात

## उत्तर भारत में 5 दिन भारी बारिश की चेतावनी



दिल्ली के कई इलाकों में पानी भर जाने से आने-जाने वालों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

एजेंसी ■ नई दिल्ली

देश के 8 राज्यों में तेज बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। इनमें असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, तटवर्ती गोवा-कर्नाटक और नगालैंड के कई इलाके पानी में डूब गए।

कर्नाटक में बारिश के चलते अब तक 4 लोगों की जान चली गई। वहीं उत्तराखंड में 154 सड़कें बंद कर दी गई। असम के 6 जिलों में 121 गांवों के करीब 22 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

दिल्ली में शनिवार को मौसम की पहली भारी बारिश हुई। इससे कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिससे ट्रैफिक की समस्या भी देखने को मिली। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना के दो जवानों के डोगरा नाले में डूबने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया- भारी बारिश के चलते डोगरा नाला उफान पर है। दोनों जवान नाला पार कर रहे थे। तभी बहाव तेज होने की वजह से वे बह गए। उनकी तलाश जारी है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक उत्तर भारत में तेज बारिश होगी। जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में 8-9 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी है।

दक्षिण कश्मीर में खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा लगातार दूसरे दिन रोक दी गई है। भारी बारिश के बावजूद अब तक 84 हजार 768 तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। उधर, बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर छिनका के पास लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया था। हालांकि 5 घंटे बाद शुक्रवार शाम को इसे खोल दिया गया। केरल के मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## लद्दाख में 14,500 फीट की ऊंचाई पर मिलिट्री ड्रील, सिंधु नदी में उतरे टैंक

एजेंसी ■ सोनीपत

पिछले चार साल से चीन के साथ लद्दाख बॉर्डर पर चल रहे गतिरोध के बीच भारतीय सेना ने न्योमा सैन्य स्टेशन पर नए लड़ाकू टैंक, तोप और ऑर्म्ड व्हीकल तैनात किए हैं। शनिवार को इनके फोटोज सामने आए।

इनमें धनुष होवित्जर से लेकर एम4 क्विक रिएक्शन फोर्स व्हीकल शामिल है। इसके साथ ही सेना ने पहाड़ों पर चलने वाले ऑल टेरेन व्हीकल को भी तैनात किया है।

इन नए हथियारों और वाहनों के साथ सेना ने सिंधु नदी के किनारे 14,500 फीट की ऊंचाई पर मिलिट्री ड्रील की। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें टी-90 और टी-72 टैंकों को नदी पार करते हुए देखा जा सकता है।

### धनुष होवित्जर

आर्मी ने हाल ही में भारत में बनी स्वदेशी धनुष होवित्जर को शामिल किया है। यह बोफोर्स तोप का एडवांस्ड वर्जन है। आर्टिलरी रेजिमेंट के कैप्टन वी मिश्रा ने कहा कि धनुष होवित्जर 48 किलोमीटर तक लक्ष्य पर हमला कर सकता है और इसे पिछले साल ही पूर्वी लद्दाख सेक्टर में शामिल किया गया है।

### एम4 क्विक रिएक्शन फोर्स व्हीकल

इस बख्तरबंद गाड़ी पर माइंस का भी असर नहीं होता है। यह 50 किग्रा तक ढ्ढश्वष्ठ ब्लॉस्ट सहन कर सकता है। सेक्टर में तैनात सेना के अधिकारियों ने कहा कि लद्दाख सेक्टर के कठिन इलाके में भी यह वाहन लगभग 60-80 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चल सकता है।

एम4 क्विक रिएक्शन फोर्स वाहनों को पिछले साल बल में शामिल किया जाना शुरू हुआ था और सेना की पूर्वी लद्दाख सेक्टर के आगे के इलाकों में अधिक संख्या में ऐसे वाहनों को शामिल करने की योजना है।

### ऑल टरेन व्हीकल

सेना ने बड़ी संख्या में ऑल-टरेन वाहनों को भी शामिल किया है। इससे एक बार में चार से छह सैनिकों को ले जाया जा सकता है। इन वाहनों का इस्तेमाल सैनिकों का सामान और उपकरण ले जाने के लिए किया जाता है।

ये व्हीकल अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी काम करने में सक्षम है। 2020 में गलवान में चीनी सैनिकों से झड़प के बाद पहली बार इस वाहन को तैनात किया गया है।

### रजक सर्विलांस सिस्टम

सेना ने सर्विलांस को मजबूत बनाने के लिए नए रजक सिस्टम को शामिल किया है। यह 15 किलोमीटर से अधिक दूरी से सैनिकों और 25 किलोमीटर से अधिक दूरी से वाहनों का पता लगा सकता है।

नए उपकरण सेनाओं को LAC के पार चीन की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद कर रहे हैं।

## राहुल गांधी ने किसानों के साथ धान की रोपाई की

### खेतों में ट्रैक्टर चलाया, दिल्ली से शिमला जाते वक्त सोनीपत के मदीना गांव में रुके

एजेंसी ■ सोनीपत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार सुबह अचानक हरियाणा के सोनीपत में रुके। यहां उन्होंने किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई की। उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई भी की। इस दौरान किसानों और खेत मजदूरों के साथ खेती-किसानी पर बातचीत भी की। राहुल ने किसानों के साथ ही बैठकर नाश्ता भी किया। राहुल गांधी दिल्ली से शिमला जा रहे थे। वे जीटी रोड पर कुंडली बॉर्डर पहुंचे तो किसानों के बीच जाने का प्रोग्राम बना लिया और सोनीपत के ग्रामीण इलाके का रुख कर लिया। राहुल गांधी NH 48 से मुरथल होते हुए कुराड़ रोड से बाइपास के रास्ते गोहाना की तरफ रवाना हुए। इसके बाद वे अपने रूट से हट कर करीब 50 किलोमीटर दूर बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मदीना में सुबह करीब 6¬40 बजे पहुंचे गए। वे भैंसवान-मदीना रोड पर संजय के खेत में जा पहुंचे। मदीना गांव में करीब 2 घंटे बाद राहुल गांधी 8.40 बजे पर रवाना हो गए। लौटते समय उन्होंने गोहाना पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस में ड्रेस चेंज की।



खेतों में किसानों के बीच पहुंचकर राहुल गांधी एक किसान की तरह ही काम करते दिखे तो ग्रामीण भी चौक गए।

### किसान संजय के खेतों में पहुंचे राहुल गांधी

गांव मदीना में राहुल किसान संजय के खेत में पहुंचे थे। जिस वक्त राहुल आए, किसान और मजदूर मिलकर धान की रोपाई कर रहे थे। जब सिक्योरिटी के साथ राहुल खेत की तरफ आए तो दूर से उन्हें कोई पहचान नहीं पाया।

### किसी को नहीं थी राहुल गांधी के रुकने की सूचना

राहुल के सोनीपत खेत में रुकने का पता चलते ही बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल और गोहाना के विधायक जगबीर मलिक भी वहां पहुंचे। नरवाल ने कहा कि उनके पास राहुल के आने की सूचना नहीं थी, लेकिन जैसे ही ग्रामीणों से उनको इस बारे में पता चला तो वे मिलने पहुंच गए। गोहाना से कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि इलाके का सौभाग्य है कि राहुल गांधी यहां पहुंचे हैं। वह यह देख रहे हैं कि एक गांवों में खेती का क्या तरीका है। किसान किस तरीके से धान लगाता है। इसमें उन्हें क्या परेशानियां आ रही हैं।

### मोदी की फ्रांस यात्रा में बड़ा रक्षा सौदा संभव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह फ्रांस की राष्ट्रीय परेड में गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। इस दौरे को भारतीय तटों की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में भी बेहद अहम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने नौसेना के लिए लड़ाकू विमान रफाल का 'एम' वर्जन खरीदने की तैयारी पूरी कर ली है। सूत्रों ने मुताबिक, कुल 26 रफाल एम खरीदे जाएंगे। ये विमान 5.5 अरब डॉलर (45 हजार करोड़ रुपए) में मिलेंगे। मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान फ्रांसीसी एयरक्राफ्ट कंपनी दसॉ एविएशन के साथ रफाल एम के सौदे का कांट्रैक्ट हो सकता है। यह वही कंपनी है, जिससे वायुसेना ने 36 रफाल खरीदे हैं। रफाल एम फाइटर जेट समुद्री एरिया में हवाई हमले के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किए गए हैं।

## मणिपुर में पुलिस कमांडो के सिर में गोली लगी, मौत

**इंफाल।** मणिपुर में बीते 24 घंटें में हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में पुलिस कमांडो समेत 4 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार शाम को बिष्णुपुर जिले के मोइरंग तुरेल में संदिग्ध उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान पुलिस कमांडो पुखरामबम रणबीर के सिर में गोली लग गई। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके अलावा शुक्रवार सुबह को ही बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों की सीमा पर बसे गांवों में कुकी और मैतेई गुट के लोगों ने एक-दूसरे पर फायरिंग की। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक नाबालिग लडका भी शामिल था। अधिकारियों के मुताबिक, पहाड़ी इलाकों से आई भीड़ ने घाटी में कुछ गांवों में आग लगाने की कोशिश की।

## हरियाणा में भर्ती के लिए महिलाओं की छाती नापेंगे: वन विभाग के लिए बनाए नियम पर बवाल

एजेंसी ■ सोनीपत

हरियाणा में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट पास कर चुके अभ्यर्थियों के लिए वन विभाग में निकाली फॉरेस्ट रेंजर व अन्य पदों की भर्ती में महिलाओं के फिजिकल टेस्ट PMT) में छाती नापने की भी शर्त रख दी गई। इसको लेकर अब बवाल मच गया है। कांग्रेस ने जहां सरकार को घेर लिया, वहीं सोशल मीडिया भी सरकार को खरी-खरी सुनाई जा रही है। हालांकि सरकार की तरफ से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने इसके विरोध में लिखा-'हरियाणा में फॉरेस्ट रेंजर व डिप्टी रेंजर पोस्ट के लिए हरियाणा की बेटियों की 'छातियां मापने' के निर्लज्ज, अपमानजनक, संवेदनहीन व संस्कारहीन फैसला है। खट्टर-दुष्यंत जी की जोड़ी की जानकारी के लिए उनके 7 जुलाई, 2023 के फरमान की कॉपी, हरियाणा पुलिस तथा केंद्रीय पुलिस बलों में भी ऐसी कोई शर्त न होने का सबूत भी साथ लगा दिया है। अब इस तुगलकी आदेश को वापस लें व बेटियों से माफी मांगें।

### पाकिस्तानी सीमा जेल से रिहा

## बोली- मैंने हिंदू धर्म अपनाया, लोग प्रुफ मांगेंगे तो गंगा नहा लूंगी

एजेंसी ■ नोएडा

पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर गुलाम और उसके प्रेमी सचिन को शनिवार को नोएडा जेल से रिहा कर दिया गया। दोनों सुबह 11 बजे रबुपुरा स्थित सचिन के घर पहुंचे। यहां कपल ने मीडिया से बात की।

सीमा ने कहा- मैंने सचिन से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में शादी की थी। हिंदू धर्म भी अपना लिया है। इसके बाद भी दुनिया प्रूफ मांगती है। इसलिए अब मैं कोर्ट मैरिज करूंगी और गंगा भी नहाऊंगी। सचिन को तीन साल से जानती थी। उनके बगैर मैं नहीं रह सकती। अब मैं सचिन के साथ ही रहूंगी, पाकिस्तान नहीं जाऊंगी। मुझे आस-पास के लोगों से कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे लिए मेरे पति और मम्मी-पापा ही सब कुछ हैं। योगी और मोदी से गुहार लगाती हूं कि मुझे यहीं रहने दिया जाए।

मीडिया से बात करते हुए कपल काफी खुश दिख रहा था। यही नहीं, कुछ सवालों में सीमा झिझकती नजर आई। इस दौरान वह सचिन को देखकर मुस्कराती हुई दिखाई दी। यही नहीं, दोनों ने लास्ट में बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाई।



### सीमा बोली- भारत में बहुत रिस्पेक्ट मिली

सीमा हैदर गुलाम ने मीडिया से बात करते हुए कहा- मैं सचिन के प्यार में यहां आई। यहां का कानून, सिस्टम और रहन-सहन भी बहुत अच्छा है। मैं कराची से यहां आई हूं और अब यहीं रहना चाहती हूं। जब यहां के लोगों को पता चला कि मैं पाकिस्तानी हूं तो मुझे बहुत रिस्पेक्ट दे रहे थे। सीमा और सचिन के वकील हेमंत कृष्ण पाराशर ने कहा कि अब पुलिस इस मामले में कोर्ट में चार्जशीट दायर करेगी। इसे नॉर्मल केस की तरह ही लड़ा जाएगा। चार्जशीट के बाद जितनी भी तारीख आएंगी, उसमें कपल को जाना होगा। इसके अलावा जांच एजेंसियां अपना काम करती रहेंगी। सीमा-सचिन को जांच में सहयोग करना होगा। शुक्रवार को नोएडा कोर्ट में वकील हेमंत कृष्ण पाराशर ने दावा किया था- दोनों ने नेपाल में शादी की, इसके बाद सीमा भारत आई।

## 25 प्रतिशत तक घटेगा एसी चेयरकार और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया:- जिन ट्रेनों में पिछले महीने 50 प्रतिशत सीटें भरीं उनमें लागू होगी रियायती दर

### सबसे ज्यादा कासरगोड-त्रिवेन्द्रम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री सफर कर रहे हैं

एजेंसी ■ नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने सभी ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में 25 प्रतिशत तक की कटौती करने का ऐलान किया है। यह रियायती दरें केवल उन ट्रेनों के किराए पर लागू होंगी जिनमें पिछले 30 दिनों के दौरान 50 प्रतिशत सीटें ही भर पाई थीं। इनमें वंदे भारत, अनुभूति और विस्टाडोम बोगियों वाली ट्रेनें भी शामिल हैं।

ट्रेनों का किराया कॉम्पिटिटिव मोड ऑफ ट्रांसपोर्ट पर भी निर्भर करेगा। रेल मिनिस्ट्री ने ष्ट सीटों वाली ट्रेनों में रियायती किराया योजनाएं शुरू करने के लिए सभी रेलवे जोन्स के चीफ कमर्शियल मैनेजर्स को पावर दी है। वे अपने-अपने जोन में किराया तय कर सकेंगे। इसमें अन्य चार्ज जैसे रिजर्वेशन चार्ज, सुपर फास्ट सरचार्ज, जीएसटी आदि अलग से लगाए जाएंगे।

### सीट बुक करा चुके यात्रियों को वापस नहीं होगा किराया

रेलवे के आदेशानुसार रियायती किराया तत्काल लागू होगा, लेकिन पहले से सीट बुक करा चुके यात्रियों को किराया नहीं लौटाया जाएगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि छुट्टियों या त्योहारों के मौसम में चलाई जाने वाली विशेष ट्रेनों पर यह योजना लागू नहीं होगी।

### भोपाल-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में केवल 29 प्रतिशत सीटें भरीं

रिपोर्ट के मुताबिक, जून महीने में भोपाल-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में केवल 29 प्रतिशत सीट ही भरी हुई थीं। वहीं, इंदौर-भोपाल वंदे भारत एक्सप्रेस में केवल 21त्न ऑक्यूपेंसी रही। भोपाल से जबलपुर तक एसी चेयरकार का किराया 1055 है, जबकि एग्जीक्यूटिव चेयर कार का टिकट 1,880 का है। हालांकि, वापसी में इसका किराया अलग है। इसमें एक एसी चेयर के लिए 955 और एक एग्जीक्यूटिव चेयर कार के लिए 1790 का टिकट है। इसके अलावा इंदौर से भोपाल तक एसी चेयर का किराया 810 और एग्जीक्यूटिव चेयर कार टिकट की कीमत 1,510 है।



### 370 को निरस्त करने से कठिन है यूसीसी को लागू करना- आजाद

**श्रीनगर।** केन्द्री मंत्री आजाद ने यूसीसी को लागू करना बेहद कठिन बताया है। उन्होंने इसे धारा 370 हटाने से भी मुश्किल काम बताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम बनी आजाद ने समान नागरिक संहिता को लागू करने की योजना को लेकर केंद्र सरकार को आगाह करते हुए शनिवार को कहा कि इसका सभी धर्मों पर असर पड़ेगा। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि यूसीसी को लागू करना अनुच्छेद-370 को निरस्त करने जितना आसान नहीं होगा। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष आजाद ने कहा कि यूसीसी को लागू करने का सवाल ही नहीं है।




# भ्रष्टाचार के बिना कांग्रेस सांस नहीं ले सकती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले एक दशक से कांग्रेस पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर प्रहार कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के बारे में कहा कि भ्रष्टाचार के बिना कांग्रेस सांस भी नहीं ले सकती है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भ्रष्टाचार की गारंटी का पर्याय बताया है। 2013 से वह लगातार कांग्रेस को भ्रष्टाचार के मामले में घेरते से आ रहे हैं। प्रधानमंत्री 2023 में भी उन्हीं आरोपों में कांग्रेस को घेरने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें उन्हें कितनी सफलता मिलेगी, इसको लेकर हर आदमी अब चर्चा करने लगा है। 2014 के पहले सीएजी की काल्पनिक रिपोर्ट के आधार पर कांग्रेस को भ्रष्टाचार की पार्टी कहा गया था। जिन मामलों में कांग्रेस को भ्रष्टाचार की पार्टी ?निरु?पित ?किया गया था, उनमें 2जी घोटाला, कोयला घोटाला, 90 दशक के बोफ़र्स घोटाले, सहित दर्जनों घोटाले बताकर कांग्रेस को भ्रष्टाचार की पार्टी बना दिया था। पिछले 2 लोकसभा चुनाव में इन्हीं आरोपों के बल पर भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस को कमजोर करने में बड़ी सफलता भी मिली थी। इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केन्द्र सरकार को 10 साल होने जा रहे हैं। भ्रष्टाचार को खत्म करने की गारंटी उन्होंने 2014 में दी थी। 10 साल बाद भी उन्हीं आरोपों के आधार पर 2024 का लोकसभा चुनाव जीत पाना शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अब संभव नहीं होगा। उन्होंने 60 माह में भारत का कायाकल्प करने और अच्छे ?दिन लाने का स्वप्न मतदाताओं को दिखाया था। मतदाताओं ने उन्हें 5 साल के स्थान पर 10 साल का समय दे दिया। अर्थात 60 माह की जगह 120 माह दे दिए। 2014 के लोकसभा चुनाव के जो वायदे उन्होंने किए थे, उस पर मतदाताओं ने भरोसा किया था, लेकिन वह सारे वायदे वर्तमान में जुमले साबित हो रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई निरंतर बढ़ रही है। पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतें भी इन 9 वर्षों में बड़ी तेजी के साथ बढ़ी हैं। आम आदमी पर कर्ज का बोझ बढ़ता चला जा रहा है। सरकार को 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांटना पड़ रहा है। सरकारी योजनाओं के बिना आम आदमी अपना जीवन नहीं जी सकता है। यहां तक कि मनरेगा योजना में ग्रामीण अंचलों के गैर संगठित मजदूरों को जो मजदूरी मिल जाती थी। वह भी अब संभव नहीं हो पा रही है। बात करें घोटालों की तो एक भी घोटाला अदालतों में साबित नहीं हो पाया। कोयला घोटाला और 2जी घोटाले में जांच एजेंसियां न्यायालय में सबूत ही पेश नहीं कर पाई। जिसके कारण आरोपी न्यायालय से दंडित नहीं हुए। 10 साल की सरकार होने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर पाए। मतदाता इसमें उनकी विफलता को ही देख रहे हैं। पिछले 10 वर्षों के भाजपा के शासनकाल में भी जो घपले और घोटाले के आरोप लगे हैं। उनकी जांच कराने के स्थान पर चुप्पी साध लेने से भाजपा की ??विश्वसनीयता कम हुई है। भ्रष्टाचार के मामले में जनता कांग्रेस पार्टी के बारे में यह मानने लगी है, कि उसके ऊपर जानबूझकर आरोप लगाए, वह सत्यता पर आधारित नहीं थे। यदि होते तो न्यायालयों से उन्हें दंडित किया जाना चा?हिए था। ईडी और सीबीआई को यूपीए की मनमोहन सरकार के समय तोता बताया गया था, लेकिन ईडी और सीबीआई की जांच एजेंसियां अभी जो काम कर रही हैं। उसमें वह कई महीनों और कई सालों तक चार्जशीट भी न्यायालयों में प्रस्तुत नहीं हो रही हैं। केवल ?विप?क्षियों की जांच हो रही है। जिसके कारण भ्रष्टाचार की गारंटी को लेकर प्रधानमंत्री जिस तरह से अभी विपक्षियों को घेर रहे हैं। उसका असर अब मतदाताओं में वैसा होता नहीं दिख रहा है। जो 2014 और 2019 में दिखा था। कहावत है, जिन रास्तों पर चलकर सफलता मिलती है, वही रास्ते हमें असफलता की ओर ले जाते हैं। समय अपनी गति से आगे बढ़ता जाता है। लेकिन अपनी सफलता को उसी समय पर बांध कर रखना चाहते हैं। यह संभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना है तो उन्हें भ्रष्टाचार के स्थान पर अब नए मुद्दे तलाश करने होंगे। भ्रष्टाचार का मुद्दा अब मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर पा रहा है। हाल ही में भोपाल यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनसीपी के नेताओं को 70000 करोड़ के घोटाले का भ्रष्टाचारी बताया था। उन्हीं को भाजपा ने महाराष्ट्र की सरकार में शामिल कर ?लिया है। इसमें भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वसनीयता मतदाताओं की नजरों में घटी है। प्रधानमंत्री ने जो आरोप विपक्षी दलों पर मध्यप्रदेश में लगाए थे। उसी तरह के आरोप उन्होंने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की राज्य सरकारों पर भी लगाए हैं। इसका असर अब जनता में होते हुए दिख नहीं रहा है।

# जल स्वराज भविष्य की आशा, सुरक्षा

**लेखक-रमेश चंद शर्मा**

स्वराज, स्वराज्य, अपने पर अपना राज, इसमें विशेषकर आजकल जल स्वराज की चर्चा चल रही है। हम सभी जानते है कि जल ही जीवन है। जल से जीवन की उत्पत्ति प्रारंभ हुई। जल दुनिया में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, मगर खाने पीने प्रयोग में लेने के लिए शुद्ध साफ सुथरा निर्मल जल सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। जल स्वराज की दृष्टि में है - आने वाला कल, भावी पीढ़ी, नया इंसान, नया समाज, एक नई दुनिया, इन जैसी संभावनाओं से हरा भरा, खुशहाल ऐसा ब्रह्मण्ड जहां प्राणियों, वनस्पति, जीव-जंतु, पशु पक्षी, पेड़-पौधे सभी के लिए सहजता, सरलता, सुविधा से शुद्ध साफ सुथरा निर्मल जल उपलब्ध हो।

जल स्वराज से दुनिया में चारों ओर प्रेम ही प्रेम, विविधता ही विविधता, संवेदना, संवाद, सहजता, सरलता, शांति, सौहार्द, जय जगत, अन्तर्सांस्कृतिक संबंध फले फूलेंगे, सही ढंग से विकसित होने के द्वार खुलेंगे। जल स्वराज इस राह का एक भागीरथ प्रयास है, भीष्म प्रतिज्ञा है, आप हम सबका भविष्य है।

जल की यात्रा विश्वव्यापी है। जो बूंद से शुरू होकर पहाड़, जंगल, मैदान, गांव देहात, शहर नगर होती हुई, जोहड़, तालाब, झील, भू-जल, कुआं, बावड़ी भरते हुए नदियों से मिलकर सागर, समुद्र तक जाती है। मजेदार बात यह है कि वहां जाकर भी रुकती नहीं है। फिर से भांप, गैस, बादल, वर्षा की बूंदें बनकर अनन्त यात्रा पर निकल पड़ती है। रास्ते में अनेक धाराओं को समेटते हुए आगे बढ़ती है। जल चक्र की यह यात्रा सतत श्रृंखलाबद्ध ढंग से, सातत्यपूर्वक सदैव जारी है। प्रकृति के साथ की गई छेड़छाड़ के कारण कभी बाढ़ के रूप में पानी की अधिकता से तो कभी सुखाड़ के रूप में पानी की कमी, अभाव में संकट का कारण भी बनती है। इसके पीछे हमारी नासमझी, नादानी, नालायकी, निक्कमापन, लोभ, लालच, स्वार्थ, शोषण, दोहन, लूट की प्रवृत्ति जिम्मेदार है।

गांधी जी ने जल को लेकर अपने समय में आज से बहुत पहले सतर्क किया था, चेतावनी दी थी, जागरूक किया था। जल के सद्प्रयोग, सही उपयोग का अपने जीवन में उदाहरण पेश किया।

जल स्वराज एक दृष्टि, सोच, समझ, संभावना से जुड़ने का अथक सार्थक प्रयास का अवसर है। आओ मिलकर उठे, जागे, एक कदम आगे बढ़ाएं, साथ चलने का संकल्प लें।

जल स्वराज संदेश दे रहा है कि हमें जिसने बनाया, उसने ही सबको बनाया है, हम सबके है, सब हमारे है, फिर यह दूरी क्यों, कैसे? सारा जहान हमारा, हम है सारे जहान के।

जल स्वराज को जानने, पहचानने, समझने समझाने के लिए जल संरक्षण, संवर्धन, सुरक्षा के साथ साथ जल की व्यापकता, पवित्रता, समझ, महत्व को दृष्टि में रखना होगा। आओ जल स्वराज के लिए बूंद की यात्रा को जानें, समझे।

बूंद के आसपास और चारों ओर जीवन ही जीवन। जीवन से भरी बूंद। जब कुछ नहीं था, तब बूंद थी। सब जगह चारों ओर बूंद ही बूंद। जहां देखो वहां बूंद। बूंदें सब जगह छाई हुई थी। चारों ओर बूंद का साम्राज्य था। जल ही जल। पानी ही पानी। बूंद मतलब जल की माया, छाया, काया का स्वरुप जो भी कहें बूंद में छिपा है, जीवन का संचार। बूंद से निकला जीवन, जीव फैल गया चहुं दिश। सभी दिशाओं में हर जगह विविधता के साथ। प्रारंभ हुई विविधता भरी सृष्टि, प्रकृति। पंच महाभूत जल, थल, नभ, हवा, आग से मिलकर। पंचतत्व से रचित यह संसार सात समुद्र पार तक फैल गया। प्रकृति ने करोड़ों वर्षों की साधना से यह सुंदर विश्व हमें सौंपा। बूंद से सागर तक की इस महा यात्रा, महात्म्य को जानना, सोचना- समझना, सहजना, सम्मान के साथ अपनाना, संरक्षण, संवर्द्धन करना जरूरी है।

लाखों विशेषकर हजारों वर्षो से चली आ रही यह प्राकृतिक व्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में बुरी तरह से टूटी। तोडी गई। कारण सत्ता, संसाधनों का केन्द्रीयकरण बना। औद्योगिक क्रांति, तकनीकी की गति, पूंजी की महत्ता, संग्रह ने इसको बल प्रदान किया। समाज को किनारे कर दिया गया। समाज कर्त्तव्य हीन बन गया। बस्तियां बेतरतीब महानगर में तब्दील होने लगी। ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग, लघु उद्योग की जगह बड़े पैमाने पर विशाल केन्द्रीत उद्योगों का जाल फैला। एकदम आश्चर्यजनक ढंग से कारपोरेट घरानों में भंयकर बढ़ोतरी हुई। विकास के नाम पर सत्ता, संपत्ति के मकड़जाल पहाड़ की तरह खड़े होने लगे। प्रदूषण मुक्त लघु उद्योग, हस्तकला, लघु कार्यों का विनाश हुआ। सत्ता और बड़े उद्योगों के गठबंधन ने प्रकृति और इंसान को भी एक संसाधन मानकर मनमानी अंधी लूट की। एक तरफ संपत्ति के पहाड़, किले, अटारिया जगमगाने लगे और दूसरी ओर भंयकर, घातक गहरे गड्ढे फैलने लगे। असमानता की खाई महासागर की तरह फैलने लगी। समाज केवल नाम के लिए रह गया। आश्चर्य की बात है कि इस व्यवस्था को फैलाने, बढ़ाने, संरक्षित, संवर्द्धन करने के लिए कानून का डंडा, दबाव भी जोर से चला। बूंद, जल की जीवंत जीवन कहानी को समझना, जानना है तो इस मकड़जाल, स्थिति को सामने रखना होगा।

हमारा समाज, देश पानीदार रहा है। पानी की समाज की एक अद्भुत अपनी समझ रही है। तालाब, जोहड़, कुंड, कुएं, बावड़ी, नौले, नाले, धौरे, झरनें, नदियां जैसे जलस्रोत सहित जल की समझ, पकड़ ने भारत को हरा-भरा, खुशहाल बनाकर रखा। विविधता से भरा हमारा देश, समाज प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में रहा। प्राकृतिक सौंदर्य, भौगोलिक स्थिति, मौसम, जलवायु, ऋतुएं, रहन-सहन, खान-पान, सोच-समझ, भेष-भूषा, बोलचाल, बोलियां, भाषा, काम-धंधे, कृषि, पशुपालन सब विविधता से भरपूर रहा। हमारी बस्तियां जल के आसपास बनती गई, विशेषकर नदियों के किनारे। मानव जीवन क्रम जल के आसपास विकसित होते हुए, आगे बढ़ा। जल के परिणामस्वरूप ही वनस्पति, पशु-पक्षी, कीड़े- मकोड़े, जीव-जंतु, जंगल-पहाड़, नदी-नालों से भरा प्रकृति का निराला स्वरुप साफ, खुशहाल नजर आता है।

जल का भारतीय संस्कृति, जीवन, साहित्य में विशेष स्थान रहा है। जल का महत्त्व इससे और स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय समाज ने नदियों को मां का दर्जा दिया है। गंगा मैया, यमुना मैया, नर्मदा मैया, कावेरी मैया के नाम से नदियों को पुकारा जाता रहा है। नदी को लोकमाता का सम्मान दिया गया।जल के बिना जीवन संभव नहीं है। प्यास हो, भोजन हो, खेलना हो, तैरना हो, आना जाना हो, मृत्यु हो, तर्पण हो, पूजा पाठ हो, खेत हो, बागवानी हो, उद्योग हो, निर्माण कार्य हो सबमें जल चाहिए। अगर संकल्प या शपथ ग्रहण हो तब भी विश्वास जाहिर करने के लिए जल का उपयोग किया जाता। जल हाथ में लेकर असत्य नहीं बोला जा सकता, यह विश्वास अब टूटा है।

जल देवता - आपो देवता को परमात्मा की शक्ति, सामर्थ्य माना गया। धरती, पाताल, आकाश तीनों लोकों को जल पवित्र, निर्मल, शुद्ध, जीवंत बनाता है। प्रकृति, सृष्टि की रचना सृजनशीलता पंचतत्वों से हुई है। जल की इसमें सबसे अहम् भूमिका है। मानव भी पंचतत्वों से ही मिलकर बना है। सृष्टि की तरह मानव में भी दो-तिहाई भाग जल का है।

प्रकृति एवं मानव सभ्यता के विकास में जल की अहम् भूमिका है। प्रकृति में जल का अपार भंडार होते हुए भी मानव उपयोग के लिए जल सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पृथ्वी पर उपलब्ध जल का केवल 2.5त्न हिस्सा ही सीधे उपयोग में लाने लायक है। जबकि इसका भी दो-तिहाई हिस्सा बर्फ के रूप में सोया हुआ है। जल के बिना जीव संसार की कल्पना ही संभव नहीं की जा सकती है। जल है तो जीवन है। जल से ही सब प्रकार के प्राणी, जीव, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, कीड़े-मकोड़े, जीव-जंतु जीवन पाते है। जल का अपना जीवन, संस्कार, इतिहास है।

दुनिया में जल विभिन्न रूपों में विद्यमान है। कहीं नमकीन, खारा जल समुद्र, सागर में लहलहा रहा है। कहीं जल हिमखंड में सोया हुआ है। कहीं जल तालाब, जोहड़, पोखर, झील में शांत, गंभीर बैठा है। कहीं जल कुएं, बावड़ी, धरती के पेट में छुपा हुआ है। कहीं जल झरने, नदी, नाले में गतिमान होकर, उछल कूद कर, छलांगें लगा कर खेलता हुआ गति ही जीवन है का संदेश दे रहा है। प्रकृति ने जल के विभिन्न भंडार, स्रोत, साधन बनाए। मनुष्य ने जल तथा जल भंडारों को अपने कब्जे में लेकर उपयोग, प्रयोग, उपभोग, व्यापार, दोहन, शोषण प्रारंभ किया। इसके लिए नए नए रास्ते खोजे, बनाए। आज इस प्रक्रिया को तीव्र गति से बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। पानी जो सबको सर्वसुलभ था उसे स्वार्थ पूर्ति के लिए मंहगा एवं दुर्लभ बनाया जा रहा है। कुछ स्थानों पर दूध से भी मंहगा पानी बेचा जा रहा है। जनहित के नाम एवं आड़ में अपना उल्लू सीधा किया जा रहा है। जल के साथ भारी, भंयकर छेड़छाड़ जारी है। सत्ता, तकनीकी का सहारा लेकर इसमें गति लाई गई है। स्थानीय शक्तियों के साथ साथ अब तो इसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां, शक्तियां, व्यापारी, राजनेता, वैज्ञानिक, उद्योगपति, नेता, ठेकेदार, अधिकारी जल के पीछे हाथ धोकर पड़े हैं। जल प्यास बुझाने, जीवन चलाने के बजाय व्यापार, लाभ, लोभ, लालच, दोहन, शोषण का माध्यम बनाया गया है।

# युवा सपनों की उड़ान ग्राम ज्ञानालय

**लेखक- प्रभुनाथ शुक्ल**

(नवाचार पर विशेष आलेख) कल्पनाएं जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। पूर्वांचल के भदोही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ग्रामीण विकास की सोच जमीन पर उतरती दिखती है। भदोही कालीन का हब है यहां कालीन तैयार होते हैं। देश के नए संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गयीं है। पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर है। लेकिन पूर्वांचल की 70 फ़ीसदी आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां पलायन अधिक है। आर्थिक विपन्नता की वजह से युवाओं के प्रतियोगी स्पर्धा के सपने अधूरे रह जाते हैं। लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए भदोही जनपद से शुरू हुई एक नवाचार की पहल उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बनती दिखती है।

भदोही के युवा जिला कलैक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर -ए - कालीन भी कहा जाता है। दुनिया भर से यहां कालीन निर्यात होता है।हालांकि शैक्षिक विकास को लेकर यहां बहुत कुछ नहीं हुआ है। लेकिन गावों में नवाचार के तहत ग्राम ज्ञानालय की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की गयीं है। इस तरह ग्रामीण अंचलों में स्थापित किए जा रहे ग्राम ज्ञानालय में युवाओं के लिए एकेडमिक स्तर की सारी सुविधाएं उपलब्ध है। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक ग्राम ज्ञानालय की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं।

भदोही जनपद में तकरीबन 150 गांव में इसकी शुरुवात हो गयीं है। शुरुआती दौर में ही जॉब की तैयारी करने और पढ़ने वाले करीबन 4000 युवा और छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। जिसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह ग्राम ज्ञानालय युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से ग्राम ज्ञानालय के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस अनूठी पहल को देखकर इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने जिलाधिकारी की खूब प्रशंसा किया और कहा कि इस रिपोर्ट को भारत सरकार को भेजा जाएगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश और देश में उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधाएं उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है। गांव के पंचायत प्रतिनिधि इसमें खासी भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में युवाओं में शिक्षा को लेकर अच्छी खासी ललक है। लेकिन अधिकांश परिवारों की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। वैसे भी उत्तर प्रदेश सरकार दलित और पिछड़े छात्रों को लखनऊ में इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराती है, लेकिन वहां सभी नहीं पहुंच पाते हैं। सामान्य और गरीब परिवारों से होने के नाते सुख सुविधाओं के अभाव में नई दिल्ली, प्रयागराज, वाराणसी, जयपुर जैसे शहरों में जाकर कोचिंग कक्षाएं नहीं ले सकते हैं। क्योंकि उनके घर की माली हालत उस तरीके की नहीं है। लेकिन ऐसे बच्चे जो कड़ी स्पर्धा में अपने को खुद साबित करना चाहते हैं उनके लिए ग्राम ज्ञानालय की अनूठी है। देश की चर्चित ऑनलाइन कोचिंग संस्थान खान सर और दूसरी अकेडमिक कोचिंग सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतियोगिता दर्पण, क्रॉनिकल और अन्य स्तरीय मासिक पत्रिकाएं और अच्छे प्रकाशन की महंगी किताबें उपलब्ध हैं।

जिलाधिकारी गौरांग राठी बताते हैं कि पूर्वांचल के युवाओं में पढ़ने की एक अजीब लगन हमने देखी है। वे पढ़ना चाहते हैं लेकिन यहां सामान्य कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए सुविधाएं बेहतर उपलब्ध नहीं हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है कि वह दिल्ली प्रयागराज, वाराणसी, जयपुर या दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग ले सकें। हालांकि राज्य और केंद्र सरकार कमजोर वर्ग के ऐसे युवाओं को राजधानी में कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराती हैं। उत्तर प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार ग्रामीण विकास को लेकर बेहद संजीदा है। अब गांव को सीधे आर्थिक सुविधाएं मिल रहीं हैं। उन्हें अच्छी खासी सकॉलरशिप भी दीं जाती है। लेकिन हर परिवार का युवा शहर तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे हालात में ग्राम ज्ञानालय एक बेहतरीन और अनूठी सुविधाओं वाला वाचनालय है। जहां अध्ययन की आधुनिक सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।



युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदाथरे के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव।

इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था। अणुव्रत धर्म के साथ विवेक की अपरिहार्यता पर बल देता है। आगम की भाषा में विवेक ही धर्म है।

## आज का सुविचार

मिलने पर मित्र का आदर करो, पीठ पीछे प्रशंसा करो और आवश्यकता के समय उसकी मदत करो।

**- जातक कथा**

सभी गलत कार्य मन से उपजते हैं। अगर मन परिवर्तित हो जाये तो क्या गलत कार्य ठहर सकता है।

**- महात्मा बुद्ध**

# पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, साहसिक निर्णय लेने की परख

**लेखक - हेमेन्द्र क्षीरसागर**

पूर्व प्रधानमन्त्री श्री चंद्रशेखर को याद करते हुए एक ऐसे राजनीतिक शख्सियत का चेहरा सामने आता हैं। जो बिना राजनीतिक नफा-नुकसान की परवाह किए, देशहित में दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए देश के सामने अपनी बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। यारों के यार तो वे थे ही, अपने निजी सरोकारों के निभाने में भी उनका कोई जबाब नहीं था। चंद्रशेखर जी की विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निर्णय लेने की परख उस वक्त भी देखने में आई, जब प्रथम खाड़ी युद्ध शुरू हुआ और देश के सामने विदेशी मुद्रा का भारी संकट था। ऐसी विकट परिस्थिति आ गई थी कि जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गया था।

जीवनरक्षक दवाओं के आयात के लिए भी एक हफ्ते का विदेशी मुद्रा शेष था। पेट्रोलियम पदार्थों के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा की लगभग वैसी ही स्थिति थी। तब केंद्र में चंद्रशेखर जी की अल्पसंख्यक सरकार कांग्रेस के सहयोग से चल रही थी। देश के सामने रिजर्व बैंक का सोना गिरवी रखकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से लोन लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। तत्कालीन आईएमएफ के चेयरमैन भारत पर कर्ज के एवज में मनमानी शर्तें थोपने पर आमादा थे। यह मानकर कि यह सरकार अल्पसंख्यक है और ज्यादा दिन चलेगी नहीं। आई एम एफ चेयरमैन ने बातचीत के सिलसिले में ही एक बार यहां तक हिदायत दे दिया कि, अगर हम कर्ज देने से मना कर दिए, तब आप क्या करेंगे चन्द्रशेखर जी का सीधा जबाब था कि-

एक तो शर्तों के मुताबिक आप ऐसा कर नहीं सकते, दूसरा अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं इस मीटिंग से उठकर सीधे आकाशवाणी जाऊंगा और देशवासियों से अपील करूंगा कि आईएमएफ से कर्ज मिलने की संभावनाएं खत्म हो चुकी है। देशवासियों आप आने वाले कठिन समय का मुकाबला करने के लिए तैयार रहें। जब कभी बातचीत के दौरान चंद्रशेखर जी पूछा जाता था कि, देश का सोना गिरवी रखते हुए आपको यह नहीं लगता था कि इससे देश की बदनामी होगी चंद्रशेखर जी का बेबाक जबाब होता था कि- आखिर अपने घर की बहू-बेटियों के लिए सोने के गहने-जेवरात किस लिए दान दिए जाते हैं उसके पीछे असली मकसद यहीं होता है कि- किसी विपरीत परिस्थिति में वे अपना गहना-जेवर गिरवी रखकर अपना जीवन निर्वाह करें। महज श्रृंगार के लिए ही गहने-जेवर नहीं होते हैं। यह एक ठेठ गवई मन के सोच का ही नतीजा है। जो प्रधानमंत्री बनने के बाद भी चंद्रशेखर जी के पूरे व्यक्तित्व में आजीवन बरकरार रहा।

वह हमेशा सत्ता की राजनीति का विरोध करते थे एवं लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता की राजनीति को महत्व देते थे। आपातकाल के दौरान जेल में बिताये समय में उन्होंने हिंदी में एक डायरी लिखी थी जो बाद में 'मेरी जेल डायरी' के नाम से प्रकाशित हुई। 'सामाजिक परिवर्तन की गतिशीलता' उनके लेखन का एक प्रसिद्ध संकलन है। देश के लिए अपना सर्वस्व होम करने वाले चन्द्रशेखर का जन्म 17 अप्रैल 1927 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपत्ती गांव के एक किसान परिवार में हुआ था। चन्द्रशेखर अपने छात्र जीवन से ही राजनीति की ओर आकर्षित थे। क्रांतिकारी जोश एवं गर्म स्वभाव वाले वाले आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में अपनी मास्टर डिग्री करने के बाद वे समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए। उन्हें आचार्य नरेंद्र देव के साथ बहुत निकट से जुड़े होने का सौभाग्य प्राप्त था। दुखद 10 नवम्बर, 1990 से 21 जून, 1991 तक देश के 8 वें प्रधानमंत्री रहे चन्द्रशेखर ने मृत्यु 8 जुलाई, 2007 को अंतिम सांस ली। ऐसे महामना की पुण्यतिथि पर विनम्र शब्दांजलि!




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, प्रथम श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि सप्तमी, रविवासरे, उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे, शोभन योगे, विव करणे, मीन की चंद्रमा, भद्रा 08/55 तक कालाष्टमी, पुण्य बुधे, सर्वार्थ सिद्ध योगे, 19/28 तक तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, धनी-मानी, वक्ता-अधिवक्ता, कुशल व्यापारी, किराना-कपड़ा मर्चेन्ट, क्राकरी व्यापारी होगा।

**मेष राशि** - इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, मनोबल बनाये रखें, विचार हीनता से बचें, धैर्य रखें।

**वृष राशि** - भाग्य का सितारा साथ देगा, इष्ट मित्र सहयोग करेंगे, रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

**मिथुन राशि** - इष्ट मित्रों से परेशानी, अशांति के वातावरण से बचें, दैनिक कार्य में अनुकूलता बनेगी।

**कर्क राशि** - मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा, दैनिक कार्य में बाधा बनेगी।

**सिंह राशि** - कार्यगति अनुकूल होगी, सामाजिक कार्य में प्रभुत्व वृद्धि होगी, समय अनुकूलता से लाभ लें।

**कन्या राशि**- कुटुम्ब की परेशानी, चिन्ता, व्यग्रता, मानसिक उद्विग्नता से अवश्य बचें, धैर्य से काम लें।

**तुला राशि**- धन हानि, शरीर कष्ट तथा मानसिक बेचैनी तथा भ्रमण एवं विरोध होगा, धैर्य से काम लें।

**वृश्चिक राशि** - इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहेगा, समय स्थिति का लाभ लें।

**धनु राशि** - कार्य कुशलता से संतोष होगा, दैनिक समृद्धि के साधन बनेंगे, फलप्रद स्थिति रहेगी।

**मकर राशि** - दैनिक कार्यवृत्ति में सुधार होगा, योजनायें फलीभूत होंगी, कार्य समय पर करें।

**कुंभ राशि** - विशेष कार्य स्थगित रखें, मानसिक विभ्रम एवं उद्विग्नता बनेगी, कार्य योजना पर ध्यान दें।

**मीन राशि** - कार्य विफलत्व, कार्य करने पर भी सफलता दिखायी न दे, कार्य अवश्य करें।

## आज का इतिहास

- 2000 - फिजी में जार्ज स्पीट तथा सैन्य नेताओं के मध्य समझौता सम्पन्न।
- 2001 - भारत द्वारा पाक सीमा पर दो चौकियां स्थापित करने की घोषणा।
- 2002 - आर्गेनाइजेशन आफ़ अफ़्रीकन यूनिटी का नाम बदलकर अफ़्रीकन यूनियन किया गया।
- 2004 - एशियाई विकास बैंक ने आतंकवाद से लड़ने हेतु अपने 42 सदस्य देशों के लिए एक कोष बनाया।
- 2007 - भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक हिमांशु जैन को ग्लास साइंस के क्षेत्र में ध्यातत्व कार्य हेतु ओट्टो स्कॉट रिसर्च पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2008 - ईरान ने लम्बी एवं मध्यम दूरी तक प्रहार क्षमता वाले नौ प्रक्षेपास्त्रों का परीक्षण किया।

- 9 जुलाई को जन्मे व्यक्ति
- 1962 - सुखबीर सिंह बादल - प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ, जो शिरोमणि अकाली दल के अध?यक्ष हैं।
- 1925 - गुरु दत्त - प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्देशक
- 1938 - संजीव कुमार - भारतीय अभिनेता

1930 - के. बालाचंदर, फ़िल्म निर्माता निर्देशक और पटकथा लेखक

- 1900 - सत्य नारायण सिन्हा - भारतीय राष्टीय कांग्रेस के राजनेता, संसदीय मामलों के मंत्री तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल।
- 1923 - मानकभाई अग्रवाल - दूसरी लोकसभा के सदस्य।

1845 - लॉर्ड मिण्टो द्वितीय - 1905 से 1910 ई. तक भारत का वाइसराय तथा गवर्नर-जनरल रहा।

## कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व दलित एक्ट में मुकदमा

जसवंतनगर(इटावा)। ग्राम सकौआ में जमीनी विवाद को लेकर विवाद में एक दलित पक्ष के साथ मारपीट, गाली गलौच तथा जान से मारने की धमकी देने जैसे कृत्य करने को लेकर न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ जसवंत नगर थाने में मामला दर्ज हुआ है। उपरोक्त गांव निवासी शैलेंद्र कुमार जाटव की तहरीर पर दर्ज मामले में कहा गया है कि भूमि प्रबंध समिति सकौआ द्वारा एक आवासीय पट्टा दिया गया था, जिस पर पिता की मृत्यु के बाद से उनका कब्जा दखल चला आ रहा है। आधे हिस्से में मकान बना है, जबकि शेष आधे हिस्से में पक्की नादे बनाकर पशुपालन कर रहे हैं। सरकार द्वारा इसकी घरोनी भी उन्हें प्रदान की गई है ।इन सब के बावजूद प्रतिपक्षी पहलाद सिंह, नवाब सिंह पुत्रगण स्व रघुनाथ सिंह , सौरव पुत्र नवाब सिंह व बिट्टा देवी पत्नी पहलाद सिंह निवासीगण सकौआ उनकी भूमि पर जबरदस्ती कब्जा कर उस पर निर्माण कार्य कराना चाहते हैं। 5 मार्च 2023 शाम 4 बजे विपक्षी गढ़ अपने हाथों में लाठी डंडा लेकर आये और जातिसूचक गालियां देने लगे और कहा कि प्लॉट में ही मारकर दफना देंगे। किसी प्रकार अपनी जान बचाकर घर वापस आया, तो पीछा करते हुए घर आ गए और पिटाई की आसपास के लोगों ने आकर उसे बचाया । उसने इस संबंध में थाना पुलिस को सूचना दी थी, मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। बाद में उसे न्यायालय की शरण में जाना पड़ा न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी के निर्देश पर पुलिस ने उपरोक्त चार नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## पुलिस ने दो शातिर चोरों को नगदी और माल समेत गिरफ्तार किया



जसवंतनगर(इटावा)। थाना पुलिस ने दो शातिर चोरों को मय नकदी और चोरी किए गए माल के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें एक से चोरी दौरान प्रयुक्त की गई बाइक भी बरामद हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी ने बताया है कि उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने हमराह गणों के साथ अभियुक्त विपिन उम्र 23 वर्ष पुत्र जसराम निवासी ग्राम नगला केहरी और अमन 19 वर्ष पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम नगला महाजीत निवासीगण थाना जसवंतनगर को चोरी के एक दर्ज मामले में गिरफ्तार किया। अभियुक्त विपिन के कब्जे से चोरी किये गये 4020 रुपये व एक अदद वीवो फोन तथा अभियुक्त अमन के कब्जे से चोरी किये गये 2810 रुपये, एक अदद आधार कार्ड वादी रविन्द्र कुमार का व एक अदद रेडमी फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद बाइक यूपी 75एएम 5513 बरामद की है। दोनो पकड़े गए अभियुक्त को जेल के लिए चालान किया गया है।

## इकदिल थाने पर समाधान दिवस आयोजित

इटावा। एसडीएम सदर इटावा एवं क्षेत्राधिकारी नगर इटावा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना इकदिल पर पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनकर कराया गया उनका निस्तारण । आज दिनांक 08.07.2023 को माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम सदर इटावा एवं क्षेत्राधिकारी नगर इटावा श्री अमित कुमार सिंह द्वारा थाना इकदिल पर पहुंचकर थाना पर आये आम लोगों की समस्याओं को सुना गया जिसमें महोदय द्वारा लोगों से शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर एवं समस्या के बारे में जानकारी कर सम्बंधित को घटना स्थल पर जाकर समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस के अन्य अधि0/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## आखिर कौन से धन के लिए हो रहा वाक युद्ध, उठी जांच की मांग -चकरनगर में रोजगार सेवक व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधियों के बीच वाक युद्ध

चकरनगर, इटावा। युद्ध चाहे त्रेतायुग में हुआ हो, या फिर द्वापर में, लेकिन युद्ध सिर्फ लक्ष्मी जी के मान के लिए ही लड़ा गया है, इस बात का हमारा पौराणिक इतिहास गवाह है, तो आखिर कलयुग में उस क्षेत्र के लोग कहां पीछे रहने वाले है, जहां अज्ञातवास काटने के दौरान पांडवों के द्वारा बकासुर जैसे राक्षस का नरसंहार किया गया हो। महाभारत के योद्धा पांडवों की अज्ञातवास के दौरान सर्वाधिक समय बिताने वाली चकरनगर की भूमि पर कलयुग में भी लक्ष्मी जी के लिए पूर्व एवं वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व रोजगार सेवकों के बीच वाक युद्ध शुरू हो गया है। रोजगार सेवकों ने पूर्व एवं वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पर चंदा के रुपए मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या से शिकायत दर्ज कराई। जिसमें रोजगार सेवकों की शिकायत के अनुसार आरोपितों के खिलाफ जांच की जा रही है। दूसरी तरफ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी के आरोप में क्षेत्र के चार रोजगार सेवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वाक युद्ध में दिलचस्प पहलू तो यह है कि आखिर रोजगार सेवकों से चंदा के रूप में वह कौन सा धन मांगा जा रहा है, जो इनके पास अतिरिक्त है, क्योंकि रोजगार सेवकों का मानदेय तो मात्र 10 हजार रुपये है। इसमें भी दो हजार रुपये काट कर इनको सिर्फ आठ हजार रुपये दिये जाते है। आठ हजार रुपये में आसमान छूती महंगाई में परिवार के भरण पोषण के साथ प्राइवेट विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा दिलाना एक नामुमकिन काम करने के बराबर है। लेकिन सूत्रों के दावे के मुताबिक माने तो मनरेगा के कार्य में अधिकतर रोजगार सेवकों के द्वारा फर्जी जॉब कार्ड लगाकर कमीशन पर धन का बंदरबांट किया जाता है। इन्ही लक्ष्मी के मान के लिए ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं रोजगार सेवकों के बीच वाक युद्ध चल रहा है। इस ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख चुनाव की बात तो किसी से छिपी नहीं है, यहां पांच वर्ष में दो बार ब्लाक प्रमुख का चुनाव संपन्न होता है। जिसे जीतने के लिए दोनों दल अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगाकर सोचने से भी अधिक धन का प्रयोग कर प्रतिष्ठा बचाने का काम करते हैं।क्षेत्रीय जनता ने उक्त लक्ष्मी के मान के युद्ध की योगी सरकार के ईमानदार अधिकारी से जांच कराई जाए तो अपने अपने हित में लगे दोनों दलों की हकीकत सबके सामने होगी।

## मासूम बच्ची को 1 घंटे में बरामद किया

इटावा। गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 4 माह की मासूम बच्ची को मात्र 1 घंटे के अन्दर सकुशल बरामद कर किया गया परिजनों के सुपुर्द।दिनांक 06.07.2023 की रात्रि को समय करीब 11.00 बजे पुष्पा पत्नी नारायन निवासी मूशानगर जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना कोतवाली पर सूचना दी गयी कि जब वह जनपद फिरोजाबाद से अपने घर जनपद कानपुर देहात जा रही थी तभी रास्ते में इटावा बस स्टैण्ड पर बस रूकने पर उसकी 04 माह की मासूम बालिका कहीं गुम हो गयी । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा तत्काल प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली से पुलिस टीम का गठन कर टीम को गुमशुदा मासूम बच्ची की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था।

# कचौरा यमुना पुल को जोड़ रही सड़क के गड्ढे 17 सालों में भी नही भर पाए

### मुख्यमंत्री की घोषणाएं हवा हवाई





जसवंतनगर (इटावा)। गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा भले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करें फिर भी जिलों के आला अफसरों को यह समझाने में नाकाम है कि उत्तर प्रदेश में कोई भी सड़क मुख्यमंत्री के वादे के आगे नहीं है और न ही वह सीमा के पचड़े में डालने वाली है। इटावा और आगरा जिलों की सीमा पर यहां कचौरा घाट के पास एक सड़क का 400 मीटर हिस्सा पिछले 17 वर्षों से सीमा विवाद के साथ-साथ भूमि मुआवजे के विवाद के चलते भयंकर गड्ढों में तब्दील है। न ही आगरा और न ही इटावा के प्रशासनिक और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस सड़क को दुरुस्त कराने की पहल कर रहे हैं। हालात यह है कि आगरा और जसवंतनगर तथा इटावा की ओर से आने- जाने वाले दर्जनों वाहन आए दिन जानलेवा गहरे गड्ढों में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। अथवा खड्ड में गिर कर बड़ी दुर्घटनाओं को अंजाम देते हैं। जसवंत नगर से करीब 8 किलोमीटर दूर कचौरा घाट पर यमुना नदी के पुल का निर्माण 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने यह सोचकर कराया था कि इटावा जिले का संपर्क आगरा और भिंड जनपदों के इलाकों से सीधा हो जाएगा। साथ ही नेशनल हाईवे की जगह वाहन कचौरा घाट पुल होते सीधे मध्य प्रदेश और आगरा की तरफ आने जाने लगेंगे। मुलायम सिंह यादव की पहल पर कचौरा घाट पर यमुना नदी का यह पुल मात्र डेढ़ वर्ष में बन गया था। पुल से आगरा की तरफ की रोड लोक निर्माण विभाग ने तुरंत ही बना दी थी, जबकि पुल से जसवंतनगर और इटावा जाने वाली रोड का निर्माण लोक निर्माण विभाग इटावा को पूरा करना था। पुल से लेकर कचौरा तिराहे तक का 400 मीटर का हिस्सा चूंकि कीरतपुर मढैया गांव के किसानों की जमीन का था। उन्होंने उसके मुआवजे के लिए मुलायम सिंह यादव के डर से कोई दावा उस समय नहीं किया था। सहज ही सड़क बनाने की अपनी रजामंदी दे दी, मगर उसके बाद जैसे ही मुलायम सिंह यादव सत्ता से उतरे किसानों ने सड़क पर अपनी जमीन का दावा ठोक दिया।इस वजह से इस टुकड़े पर निर्माण रुक गया। किसान 90 के लिए कोट चले गए कोर्ट ने मुआवजा देने का आदेश दिया इस आदेश के बाद प्रशासन ने तत्कालीन रेट पर भुगतान करने की पहल की, मगर किसान नेशनल हाईवे और आगरा की जमीनों पर दिए जाने वाले मुआवजे की दर पर मुआवजे की जिद पर अड़ गए और अपनी मां मंगवाने के लिए फिर से कोर्ट में मुकदमा लड़ रहे हैं। इस तरह सड़क के इस 300- 400 मीटर का टुकड़ा कचौरा तिराहे से यमुना पुल तक उबड़ खाबड़ पड़ा है। दासियों बड़े जानलेवा गड्ढों के साथ ही रोड के दोनों ओर कई कई मीटर गहरी खंदकें रोड में हो जाने से वाहन इन खंडकों में धसक कर गिर रहे हैं। हाल ही में एक ट्रोला के खंदक में गिर जाने से उसमें फंसे ड्राइवर के पैरों को काटना पड़ा। कचौरा पुल के करीबी गांव सिरसा के पूर्व प्रधान राजेश यादव ने बताया है कि यदि इटावा और आगरा के प्रशासनिक अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने गंभीर पहल की होती तो 17 साल से गड्ढों में तब्दील यह मुख्य रोड कब की सही हो गई होती।

## शिक्षा से छेड़छाड़ कर रही है उत्तर प्रदेश सरकार-आदित्य यादव



**जसवंतनगर ( इटावा )।पीसीएफ के पूर्व चेयरमैन और सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के सुपुत्र आदित्य यादव ने प्रदेश में शिक्षा के निरंतर गिरते स्तर को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा है कि यह सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के वजाय गिराने का प्रयास कर रही है, पाठ्य पुस्तकों से महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक विषयों को हटा रही है। इतिहास से खेड़खानी की जा रही है जो कि समाज के विकास के हित में नही है। यहां किडजी प्री स्कूल की शाखा के उद्घाटन के मौके पर शनिवार को उन्होंने प्री स्कूल के आवश्यकता पर अभिभावकों का ध्यान आकर्षित किया ।उन्होंने कहा कि बच्चे का बौद्धिक विकास प्रारंभिक 5 वर्षों में सर्वाधिक होता है। इस विकास की दर को क्रियात्मक शैली की शिक्षा से गुणात्मक किया जा सकता है। जसवंतनगर में इस तरह के स्कूल की शाखा का खुलना शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छी पहल है। इस अवसर पर शाखा की कॉर्डिनेटर श्रुति शुक्ला ने पेंटेमाइंड पेडागॉजी को विस्तार से समझाया। संस्था के संयोजक रोहित यादव, दीपक बघेल, नीरज यादव व स्टाफ आरती ,ममता ने संस्था की कार्यशैली पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर अनुज मोंटी यादव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि,विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, अजेंद्र गौर, विद्याराम यादव, डा0 योगेश एलानी,विनोद यादव,बृजेश यादव,दीपक यादव चंद्रमोहन , सुमित यादव,नितिन यादव,आशू यादव आदि लोग मौजूद रहे।**

# भगवान कृष्ण के अवतरण पर झूम उठा पंडाल, नंद के घर हुआ आनंद

### *अत्याचार,अनाचार बढ़ने पर भगवान लेते हैं, जन्म: हरे कृष्ण शास्त्री



जसवंतनगर(इटावा) नगर के बीएसजी फार्म में चल रही मद भागवत कथा में पांचवें दिन कंस के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के देवकी के गर्भ से आठवीं संतान के रूप में जन्म लेने और उसके बाद वासुदेव द्वारा उन्हें यशोदा के घर पहुंचाने की कथा का रोमांचकारी वर्णन भागवताचार्य डॉक्टर हरे कृष्ण शास्त्री शरद ने किया। कृष्ण जन्म की इस कथा दौरान श्रवण करने आए नर नारियों ने जमकर नंदोत्सव मनाया 卐 हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की卐 भजन पर जमकर नृत्य किया।

बालकृष्ण के जन्म पर पूरा पंडाल में नंद के घर के आनंद में डूबा नजर आया। इस दौरान झूमने गाने में मस्त नर नारियां अपने तन मन तक की सुध भूल गईं। बाल कृष्ण के पात्र बने नन्हें बालक के दर्शनो और बधाइयां देने को लोग लालायित नजर आये। इस दौरान भगवदाचार्य ने कहा कि जब जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि ,अत्याचार और अनाचार फैलता है, भगवान किसी न किसी रूप में जन्म लेते है। कंस के अत्याचारों से त्रस्त बृज भूमि को मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था और कंस का संहार किया था। इन्हीं कृष्ण ने महाभारत में पांडवों के सारथी बनकर कौरवों का सर्वनाश कराया था। भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भी वर्णन किया गया। पांचवें दिन की कथा में बालि बामन कथा कथा के दौरान राजा बलि के दरबार में भगवान द्वारा 3 पग दान में नापे जाने और भगवान राम के जन्म की कथा का भी वर्णन किया गया। लक्ष्मी को धर्म कार्यो और दान पुण्य में भी लगाने की श्रद्धालुओं को सलाह दी गई। दिन भर वर्षा होने के बावजूद कथा दौरान बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे, अन्य दिनों की तरह महिला श्रोताओं की संख्या पंडाल में ज्यादा रही। संतोष कुमार सचिन गुप्ता बर्तन वालों के पूण्य उदय से आयोजित कथा आयोजन सर्वत्र चर्चित है। इस आयोजन में प्रमोद गुप्ता ,दिनेश गुप्ता,राकेश गुप्ता,अनिल गुप्ता,राजीव गुप्ता लविन गुप्ता,,मणि शंकर गुप्ता, सुनील गुप्ता,नीरज गुप्ता,आलोक और संदीप गांगलस,आशीष चौरसिया,पवन शिवहरे,अतुल गुप्ता ,राज किशोर गुप्ता,प्रियंक गुप्ता,मोहित गुप्ता आदि व्यवस्थात्मक् योगदान दे रहे हैं।

## केबिल बॉक्स फटने से 15 गांवो की विद्युत आपूर्ति बाधित कल भी बाधित रही थी विद्युत आपूर्ति

### फाल्ट होने से आए दिन बाधित होती है, बिजली

**माधव संदेश/आकाश कंचौसी,औरैया ( ब्यूरो )। असेनी पावर हाउस से जुड़े बिहारीपुर उपकेंद्र की सप्लाई शनिवार सुबह 10 बजे के बाद ठप्प हो गई। 33 केवी मेन लाइन में फाल्ट होने से कई गांवों की सप्लाई बाधित रही। जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। भीषण गर्मी में लोग दिनभर परेशान रहे। लोगो का कहना है। कि आए दिन बिजली खराब बनी रहती है। और अब रात और दिन में इतनी कटौती करते है। कि लोग गर्मी में परेशान हो जाते है।असेनी फीडर के पास 33 केवी मेनलाइन में फाल्ट होने से प्लास्टिक सिटी,जमौली, कंचौसी गांव, चमरौआ, बिनपुरापुर, शाहपुर, दहगांव, ढिकियापुर, घसापुरवा, रोशनपुर, बिहारीपुर, कंचौसी बाजार,सहित करीब 15 गांवों की विधुत आपूर्ति घंटों ठप्प रही। जानकारी होने पर विद्युत विभाग के लाइनमैनों ने फाल्ट तलाशना शुरू कर दिया। बिझाई गांव के पास 33 केवी मेनलाइन में लगा बॉक्स स्पार्किंग होने के कारण फट गया। जिससे विधुत आपूर्ति बाधित हो गई। वही असेनी पावर हाउस से जुड़े नोगवा फीडर की सप्लाई सुबह 7 बजे बाधित हों गई जोकि दोपहर 3 बजे बहाल हो सकी जिससे नोगवा,अमरपुर, पुरवा महिपाल, सुंदरपुर, बट्टहा, मधवापुर, मुरली पुरवा, विजई पुरवा सहित 12 गावों की बिजली आपूर्ति 8 घण्टे तक बाधित रही। आए दिन फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति कई घंटो तक बाधित रहती है जिससे लोगो रातों में जागकर काटना पड़ता है। इस संबंध में जेई दीपक राम ने बताया है कि बिझाई गांव में मेनलाइन में लगा बक्सा स्पार्किंग की वजह से जल गया था। फाल्ट को दुरुस्त कर जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।**

# एनएच.2 पर शौच को जा रही तीन महिलाओं को टैंकर ने रौंदा 2 की मौत

### 'ग्रामीणों ने 3 घंटे रखा हाइवे जाम

### 'दुर्घटनाग्रस्त बाइक सवारों को बचाने दौड़ी थीए मृत महिलाएं



जसवंतनगर ;इटावाद्ध नेशनल हाईवे पर नगला कन्हई गांव के सामने शनिवार तड़के शौच क्रिया को जा रही 3 महिलाओं को एक तेज रफ्तार अज्ञात टैंकर टाइप वाहन रौंद गयाए जिसस 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि तीसरी को गंभीर हालत में इलाज को ले जाया गया है।उपजिलाधिकारी कौशल किशोर तथा क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान ने मौके पर पहुँचकर हर सम्भव सहायता देने के आश्वासन के बाद ग्रामीणो ने जाम खोल दिया। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर आक्रोशित लोगों ने जाम लगा दिया।पुलिस और प्रशासन के किसी अधिकारी के 2 घंटे तक मौके पर न पहुंचने से जाम लगा रहा और नेशनल हाईवे पर आवागमन ठप रहा। घटना सुबह 5 बजे के आसपास उस समय घटीए जब आगरा से इटावा की ओर जा रहे एक बाइक सवार दंपत्ति को किसी वाहन ने टक्कर मार दीए जिससे घायल होकर दंपत्ति रोड पर पड़े थेए तो इन्हे देख उन्हें मदद पहुंचाने नगला कन्हई गांव निवासी तीन महिलाएं मिथिलेश यादव;50 वर्षद्ध पत्नी रामेश्वर दयालए नेमा देवी यादव;55 वर्षद्ध पत्नी राम व्रेस यादव तथा शीतला देवी उम्र करीब 52 वर्ष इन दंपत्ति को बचाने के लिए दौड़ी। इसी दौरान हाईवे पर तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने इन तीनों को रौंद डालाए जिसस मिथिलेश और नेमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। शीतला देवी को घायल अवस्था में तुरंत इटावा सदर अस्पताल ले जाया गयाए जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही नगला कन्है और आसपास गांवों के ग्रामीण हाईवे पर पहुंचे।उन्होंने घटना की सूचना परंतु पुलिस को दी और लोगों ने जाम लगा दिया। आवागमन ठप करते हुए दोनों मृत महिलाओं के शवों को सड़क पर ही रख हंगामा खड़ा कियाए मगर घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद 2 घंटे बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। नगला कन्हैया गांव जसवंत नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है और यह सराय भूपत रेलवे फाटक से इटावा की तरफ 2 किलोमीटर आगे है। बताया गया है मृत और घायल हुई यह तीनों महिलाएं रोजाना की तरह सुबह 5 बजे अपने घर से टहलने और शौच क्रिया को निकली थीए तभी यह घटना घटित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी कौशल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर अतुल प्रधान ने जाम लगाए लोगों को समझा.बुझाकर और यथोचित शासकीय सहायता दिलाने का आश्वासन देकर लगभग 3 घंटे से लगे जाम को खुलवाया।

# किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत



भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार की दोपहर ग्राम जवरपुरा में खेतों पर धान की फसल तैयार कर रहे किसान के ऊपर बारिश के बीच तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना से मृतक किसान के परिजनों में बुरी तरह चीख पुकार के साथ कोहराम मच गया। उधर आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत की सूचना पर पहुँचे उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। शनिवार को क्षेत्र के ग्राम जवरपुरा निवासी किसान हरनाथ सिंह 47 वर्ष पुत्र स्व0 महाराज सिंह अपने खेतों पर धान की फसल लगाने की तैयारी कर रहा था। अचानक बरसात शुरू होने के साथ तेज गड़गड़ाहट के बीच आकाशीय बिजली सीधे किसान हरनाथ सिंह के समीप जा गिरी, जिससे कृषि कार्य कर रहे किसान की दर्दनाक मौत हो गई। आसपास अन्य खेतों पर कृषि कार्य कर रहे किसानों ने दौड़कर मृतक किसान के परिजनों को जैसे ही घटना से अवगत कराया, परिजनों में चीख-पुकार के साथ कोहराम मच गया और मृतक किसान की पत्नी सरला देवी, दोनों पुत्र सुमित 26 वर्ष, अमित 22 वर्ष घटनास्थल पर पहुँच गये। उधर जैसे ही आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत की सूचना प्रशासन को मिली, उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत, तहसीलदार अशोक कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विकास जावला, प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र राठी, क्षेत्रीय लेखपाल सहित पुलिस जवान मौके पर पहुँच गये। जिन्होंने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

## सफलतापूर्वक दो जुड़वा बच्चों को सीएचसी घिरोर पर जन्म दिया।



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 8 जुलाई जनपद के घिरोर मैं मधु पत्नी किशोरीलाल निवासी तिसाह को उसका पति सीएचसी गौधना घिरोर शुक्रवार की रात प्रसव पीड़ा होने के दौरान लेकर आया जहाँ अधिक परेशानी होने पर वह ऑपरेशन कराना चाह रहा था पर प्रभारी एमओआईसी विनीत कुमार तथा स्टाफ नर्स दिव्या पाल व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने धैर्य और समझदारी का परिचय देते हुए महिला की नार्मल डिलीवरी कराई ।जच्चा और दोनों बच्चे स्वस्थ है ।छुट्टी के बाद घर भेज दिए गए है ।स्वास्थ्य विभाग का इस सफल प्रसव के लिए क्षेत्रवासियों ने प्रसंशा करते हुए बधाई दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिजेरीय प्रसव की शुरुआत होने से क्षेत्रवासियों को बहुत बड़ी सुविधा मिली है लोग अब जिला अस्पताल नहीं रेफर किये जा रहे आज दूसरा सिजेरीयन प्रसव कराया गया महत्वपूर्ण बात यह है की सरकारी अस्पतालो पर लोगो ने भरोशा करना बंद कर दिया है लेकिन आज संगीता पत्नी रानू निवासी ओछा के 15 वर्ष वाद पुत्री हुई जिन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोधना पर सिजेरीयन प्रसव कराया और सफल हुआ

## दवाई लेने आयी महिला की रास्ते मे अचानक हुई मृत्यु घर से दवाई लेने आयी महिला की रास्ते मे हुई मौत



**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 8 जुलाई मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार को श्यामा देवी पत्नी जयवीर सिंह उम्र 80 वर्ष जाति कश्यप निवासी ग्राम नोनामई थाना बरनाहल अपनी बेटी प्रीति पुत्री जयवीर सिंह विवाहिता के साथ दवा लेने के लिए घिरोर आ रही थी घिरोर करहल तिराहे पर टेम्पू मे बैठी थी जिनकी अचानक मृत्यु हो गई है बताया जा रहा है की यह काफी दिनों से बीमार चल रही थी अचानक हुई मृत्यु से पुत्री घबरा गयी रोने लगी करहल तिराहे पर आनन फानन मे लोग इकट्ठा हो गये पुलिस मोके पर पहुंच गयी प्रति को काफ़ी समझाया गया जिसके बाद पुत्री श्यामा देवी को मृत अवस्था मे घर ले गयी

## शेरनी सोना ने प्रथम बार एक शावक को जन्म दिया

इटावा। इटावा सफारी पार्क में शेरो का कुनवा फिर बढ़ा। सफारी पार्क में बीते 26 जून 2019 को जन्मी बब्बर शेरनी सोना ने प्रथम बार एक शावक को जन्म दिया है। बब्बर शेरनी सोना की मेटिग 25 सितम्बर 2020 को गुजरात से आये नर शेर कान्हा से दिनांक 24 मार्च 2023 को हुयी थी। बब्बर शेरनी सोना ने दिनांक 06 जुलाई को एक शावक को जन्म दिया है। शेरनी सोना व नवजात शावक दोनों स्वस्थ है। इससे पूर्व सफारी पार्क की शेरनी सोना की मां जैसिका द्वारा वर्श 2016 में दो नर शावक सिम्बा व सुल्तान, वर्ष 2018 एक नर शावक बाहुबली, वर्ष 2019 में दो मादा व एक नर भारत, रूपा, सोना तथा वर्ष 2020 में दो मादा शावक गार्गी व नीरजा को जन्म दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त सफारी पार्क की शेरनी जेनिफर जो 25 सितम्बर 2020 को गुजरात से लायी गयी थी तथा जिसकी मां भी जैसिका है के द्वारा अप्रैल-2020 में एक नर शावक केसरी तथा अगस्त-22 में एक नर शावक विश्वा को जन्म दिया जा चुका है। इस प्रकार सफारी पार्क में अब तक कुल 11 शावको ने जन्म लिया है। नवजात शावक व मादा बब्बर शेरनी की विशेष देखभाल पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा की जा रही है एवं सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से बब्बर शेरनी एवं नवजात शावक के स्वास्थ्य एवं व्यवहार पर सतत निगरानी रखी जा रही है। सफारी पार्क में नवजात शावक के जन्म लेने से बब्बर शेरों की संख्या 18 हो गयी है। ज्ञातव्य है कि गुजरात के अतिरिक्त एशियाई बब्बर शेर का एकमात्र प्रजनन केन्द्र जनपद इटावा में है। जहां इनका प्रजनन लगभग प्राकृतिक परिवेष में सम्पन्न हो रहा है। प्रजनन हेतु जोड़े बनाने से पूर्व इनका अनुवंषिक विष्लेशण यहां के बायोलॉजिस्ट, पशु चिकित्सक तथा उच्चाधिकारियों के द्वारा किया जाता है। जिससे इनकी अनुवंषिक गुणवत्ता बनी रही।

## परशुराम समिति की बैठक 9 को

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. की एक आवश्यक बैठक 9 जुलाई दिन रविवार को 11 बजे से आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में होगी । उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट व प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाने एवं इसी माह में आयोजित होने वाले मेधावी सम्मान समारोह की तैयारियों की रूपरेखा तय की जाएगी । इसके साथ ही परशुराम सेवा समिति इटावा के जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी स उन्होंने समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से 9 जुलाई को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी को सुनाया आजीवन कारावास

इटावा। पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते एक दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये का अर्थदंड की सजा सुनाई गई। आठ साल पहले आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। शुक्रवार को न्यायालय ने दुष्कर्म के मामले में मुकेश कुमार पुत्र अंगद सिंह निवासी मड़ैया अजवपुर थाना बढ़पुरा आजीवन कारावास और 20 हजार का आर्थिक दंड शामिल है। पुलिस के मुताबिक 15 मई 2015 को मड़ैया अजबपुर थाना बढ़पुरा में आरोपी द्वारा वादिनी के घर में घुसकर वादिनी से दुष्कर्म करने के संबंध में सूचना दी गई थी। वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना बढ़पुरा पर धारा 376 का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसके चलते विवेचना अधिकारी विजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा दौरान विवेचना साक्ष्य संकल्न के आधार पर आरोपी मुकेश कुमार का नाम प्रकाश में आया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना बढ़पुरा पुलिस टीम, पैरोकार ओमप्रकाश एवं मानिटरिंग, पैरवी सैल व एडीजीसी तरूण कुमार शुक्ल द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी व सख्त पैरवी की गयी। जिसके परिणाम स्वरूप उक्त आरोपी को अपर जिलाजज एफटीसी प्रथम दिलीप कुमार सचान द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

## आकाशीय विजली गिरने से घिरोर के नगला केशुराय मे बना शिव मंदिर हुआ क्षतिग्रस्त बिजली की वायरिंग मे लगी आग

**जिला ब्यूरो चीफ**
**राजवीर सिंह यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी**

### आकाशीय विजली गिरने से घिरोर के नगला केशुराय मे बने शिवमन्दिर हुआ क्षतिग्रस्त विजली की वायरिंग मे लगी आग



मैनपुरी 8 जुलाई जनपद के घिरोर मैं मिली जानकारी के अनुसार क़स्बा घिरोर के नगला केसुराय मे मे चंद्रपाल तोमर के घर मे बने शिव मंदिर पर अचानक बहुत तेजी से आवाज हुई और लोगो की आँखो से अधेरा हो गया प्रत्यक्षदर्शियों की माने ती इतनी तेज गढ़गढ़हट हुई और चमक हुई की लोग हहकेबक्के रह गये तथा शिव मंदिर के छज्जे का मशाला नीचे गिर गया तथा ऊपर बिजली की चटकनी वगैरह जल गयी तथा बिजली की वायरिंग मे आग लग गयी बंद पंखे से धुआँ निकल गया तथा छोटे बच्चों मे चीख पुकार मच गयी बच्चे तेज धमाके से डर गये इसी मोहल्ले मे एक और घर को बिजली ने अपनी चपेट मे ले लिया उनके भी बिजली के उपकरण जल गये आपको बता दे की अभी कुछ महीने पहले चंद्रपाल तोमर ने घर मे बने शिवमन्दिर का जीर्णोद्धार कराया था बिजली की बजह से शिव मंदिर पर ही नुकसान हुआ है गनीमत यह हुई की घर मे रह रहे परिवार मे कोई जन हानि नहीं हुई

# त्याग हरीशचंद्र की तरह होना चाहिए-: सनोज शास्त्री

**जिला संवाददाता**
**सुनील कुमार यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी**



मैनपुरी 8 जुलाई जनपद के घिरोर के ग्राम ओय मे श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस परसनोज शास्त्री ने परीक्षत स्वरूपों को सुनाया गया कि कैसे परीक्षित ने निर्वाण के लिए भक्ति सत्संग के संकल्प से विरक्ति ग्रहण कर साक्षात श्री कृष्ण को प्राप्त कर भगवान से अभिन्न हो गए ।कथा में बताया गया कि भगवान की माया सांसारिक लोगो को खूब नचाती है ।इस माया से बचने का सरल उपाय है सत्संग कीर्तन ।इसलिए कलि प्रभाव से बचने के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर सर्व समर्थ भगवान का सत्संग कीर्तन कर सच्चिदानंद से एकरूप हो जाना चाहिए कथा के द्वितीय चरण में राजा हरीशचंद्र की कथा का गुड़गान किया गया जिसमे सतेन्द्र शास्त्री ने कहा की त्याग हिरसचंद्र की तरह होना चाहिए त्याग के बल पर राजा हरीशचंद्र ने भगवान श्रीं हरी से बरदान ले कर मोक्ष प्राप्त किया लोगो को कथा सुनने के बाद बताये गये मार्ग पर चलना चाहिए जिससे मानव का उद्धार हो एस मोके पर

उज्ज्वल कुमार, राजेंद्र कुमार, महेश चंद्र, मुन्नी लाल, योगेश कुमार, किताब सिंह, सनोज यादव नितिन कुमार, भोले सहित काफ़ी भक्त मौजूद रहे

## बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रूपयों की ठगी करने वाले 02 अभियुक्तों को मय 110000 (एक लाख दस हजार) रूपयें फर्जी आईडी, फर्जी नियुक्ति पत्र, विजिटिंग कार्ड, मुहर आदि सहित किया गिरफ्तार।

**जिला ब्यूरो चीफ**
**राजवीर सिंह यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी**

मैनपुरी 8 जुलाई जनपद के थाना क्षेत्र बेवर मैं आवेदक राहुल गौर पुत्र सन्तोष कुमार नि0 ग्राम बनकिया थाना बेबर मैनपुरी द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि एसबीआई में उसको क्लर्क के पद पर नियुक्त कराने के नाम पर 1200000(बारह लाख) रूपयें की ठगी कर फर्जी नियुक्ति पत्र भेज दिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना बेबर पर मु0अ0सं0 346/23 धारा 420, 467, 468, 471, 506 भादवि व 66सी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। *आज दिनांक 08.07.2023 को साइबर सैल टीम व थाना बेवर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि हम लोग स्ब्ह्न बैंक के जोनल अधिकारी बनकर जरूरतमंदों/बेरोजगार नवयुवकों को चिन्हित कर उनसे दोस्ती करते है, फिर विश्वास में लेकर उनकी नौकरी एसबीआई बैंक में लगवाने के लिए बातचीत करते और उनको झांसे में लेकर आवेदन, परीक्षा एवं साक्षात्कार को लेकर प्रत्येक व्यक्ति से 05 से 15 लाख के हिसाब से धनराशि लेते है। उसके बाद सिक्योरिटी के नाम पर नगद धनराशि लेकर फर्जी एफडी उपलब्ध कराते थे उन फर्जी एफडी को ऑनलाइन कराने के बहाने से वापस ले लिया करते थे ।हम लोगों को परीक्षा, साक्षात्कार कराने के लिए जयपुर लेकर जाते है। उसके कुछ समय बाद हम लोग इन लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए कविता गुप्ता नाम की महिला को ऋद्बह्व की चेयर पर्सन बताकर उसका नम्बर देकर बात करने को कहते थे। लेकिन कविता गुप्ता नाम की कोई चेयर पर्सन नहीं है।

*हमारे द्वारा ही ड्ढह्वद्धष्टश्च ष्ट.ह्लहत्रक्र ह्लह्वष्ट ष्टरू,क्क के माध्यम से अपनी आवाज को बदलकर कविता गुप्ता बनकर बात की जाती थी* हमारे द्वारा एक फर्जी मेल आईडी भी बनाई गई है ।अभी तक विभिन्न शहरों एवं राज्यो में रहकर लगभग 20 से 25 व्यक्तियों के साथ नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर करीब 50 से 60 लाख रूपयें की धनराशि ठगी गयी है ।अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों/राज्यों से जानकारी की जा रही है।

*गिरफ्तार अभियुक्त*-

1.प्रदीप कुमार पुत्र श्री सालिग्राम नि0 मुरारी नगर थाना खुर्जा बुलन्दशहर।

2.सारिका पुत्री श्री अनंग शर्मा नि0 कालिन्दी पुरम खुर्जा बुलन्दशहर।



*बरामदगी का विवरण*-

1- 110000(एक लाख दस हजार) रूपयें नगद।
2- 01 चार पहिया वाहन।
3- 04 एसबीआई फर्जी डीडी(501000 रूपयें)
4-14 फर्जी एफडी(1047000 रूपयें की)
5-08 एसबीआई फर्जी नियुक्ति पत्र।
6-04 फर्जी राज्य कर्मचारी बीमा कार्ड।
7-02 डिब्बे एसबीआई विजिटिंग कार्ड।
8-09 फर्जी एसबीआई आईडी कार्ड।
9-04 एसबीआई मुहर।
10- 05 मोबाइल फोन।
11-05 डेबिट कार्ड
12-04 क्रेडिट कार्ड।
13-04 इंण्डियन ओवरसीज ब्लेन्क चैक।
14-एसबीआई नियुक्ति फार्म/प्रपत्र।
15-02 एसबीआई प्रिन्ट रजिस्टर।
16-फर्जी आवेदन फार्म।

## शिकायत को किसी भी योजना में आच्छादित नही किया जा सकता- भीमराव



### -याचिका समिति की बैठक विकास भवन में बैठक

इटावा। उत्तर प्रदेश याचिका समिति के सभापति व सदस्य विधान परिषद भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता व उत्तर प्रदेश याचिका समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में याचिका समिति की बैठक विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सभापति व सदस्य विधान परिषद भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि इस समिति को याचिका, शिकायत सदन के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सम्बन्धित सदन के माध्यम से प्राप्त होती है। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त याचिका, शिकायत को योजना के अनुसार अनुमोदन आदि प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए यथा शीघ्र निस्तारित किया जाये और यदि किसी याचिका, शिकायत को किसी भी योजना में आच्छादित नही किया जा सकता है तो उसके लिए विधायक, सांसद से अनुरोध कर लागत धनराशि का आवंटन कराते हुए निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि याचिका समिति की ओर से जनपद के 20 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिनमें से अधिकांश का निराकरण करा दिया गया है, शेष कार्यों में अधिकांश कार्य माह नबम्बर, 2023 तक पूर्ण करा दिये जायेगें और जो कार्य किसी भी योजना में आच्छादित नही हो सकते है, उनके लिए जन प्रतिनिधियों से वार्ता कर समुचित प्रस्ताव बना करा निस्तारण प्रक्रिया पूर्ण कर दी जायेगी। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी द्वारा सभापति व सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में याचिका समिति के सदस्य चन्द्र शर्मा, अविनाश सिंह चौहान, ओमप्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता एश्वर्या सहित विभिन्न विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जावेद अखिल व्यापार मंडल के जिलाउपाध्यक्ष

### -विधानसभाओं का शीघ्र किया जाएगा गठन- जिलाध्यक्ष



इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, जिलाप्रभारी मनोज अग्रवाल, जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के व्यापारी जोड़ो अभियान के अंतर्गत जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ व्यापारी मोहम्मद जावेद हिना फायर वर्क्स को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। नवमनोनीत मोहम्मद जावेद को जिलाध्यक्ष, जिलाप्रभारी ने व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता ग्रहण कराई और व्यापार मंडल का पट्टा प्रमाण पत्र व मनोनयन पत्र देकर फूल माला पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। धर्मेंद्र कुमार जैन ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा संघर्षरत रहा है। जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के प्रयासों से व्यापारियों की लंबे समय से की जा रही मांगों को जिसमें व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन एवं व्यापारी दिवस की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी हित में कार्य कर रहा है और यह देखा जा रहा है कुछ समय से तथाकथित लोग अपने आपको व्यापारी नेता बताकर व्यापारियों का शोषण कराने में लगे हुए हैं। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान, जिलाप्रवक्ता इकरार अहमद, जिलावरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, युवा प्रदेशमंत्री पंकज कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाह, युवा जिलामहामंत्री रंजीत कुशवाहा, जिलाउपाध्यक्ष लल्लू वारसी, जिलाउपाध्यक्ष विकास गुप्ता विक्की, सतीक मंसूरी, महिला नगर अध्यक्ष रिचा कुशवाहा, युवा नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, युवा जिलावरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास शाक्य, नगरमंत्री सलमान राईन, युवा जिलामंत्री रविन्द्र कुशवाह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष वर्मा सहित व्यापारी नेता शामिल रहे।

# सर्राफा कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोनीत राहुल

भरथना, इटावा। सर्राफा कमेटी भरथना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल यादव, महामंत्री रणवीर सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष शरद दीक्षित का सर्राफा व्यापारियों ने जोरदार स्वागत सम्मान किया। कस्बा के सब्जी मण्डी स्थित विजय मार्केट में संचालित अवनि ज्वैलर्स पर सीटू गुप्ता के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्राफा कमेटी भरथना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल यादव, महामंत्री रणवीर सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष शरद दीक्षित का स्वागत सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित तीनों पदाधिकारियों का मौजूद लोगों ने माल्यार्पण, प्रतीक चिन्ह भेंटकर मिष्ठान खिलाकर शुभकामनायें दीं। साथ ही कमेटी के माध्यम से सर्राफा व्यापारहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सभासद पम्मी यादव, पुनीत पोरवाल, चन्दू पाटिल, विक्की पोरवाल, रामजी तोमर, सौरभ वर्मा, गोविन्द शारदा, टीटू गुप्ता, अवि गुप्ता, गोविन्द यादव आदि



की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## तालाब में नहते समय पांच लोगो की हुई दर्दनाक मौत

**माधव संदेश / संवाददाता**



रायबरेली तालाब में नहते समय हुआ दर्दनाक हादसा गहरे पानी में जाने से चार मासूम बच्चियों सहित 5 लोगों की दर्दनाक मौत मामला गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगता डेरा मजरे बांसी रियासत के रहने वाले 4 बच्चियां एक लड़के की तालाब में नहाते समय गहरे पानी में जाने से रीतू उम्र 8 वर्ष, सोनम उम्र 10 वर्ष, वैशाली उम्र 12 वर्ष, रूपाली उम्र 9 वर्ष अमित उम्र 8 वर्ष, की दर्दनाक मौत हो गई गांव में एक साथ पांच मौतों से कोहराम मच गया है वहीं सूचना पर मौके पर पहुंचे जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारियों ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया वही सभी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा राजस्व कर्मियों के द्वारा मृतक के परिजनों को मुआवजे का ऐलान किया गया है।

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा सिगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग

### प्रशासनिक मनाही के बावजूद बाजार में खप रही चोरी छिपे पॉलिथीन

**माधव संदेश/आकाश**

फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सिगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। मगर हाल यह है कि जागरूकता के अभाव और गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर के बाजारों में इस आदेश का असर नहीं दिख रहा है। दैनिक माधव संदेश के ब्यूरो ने शनिवार को शहर के प्रमुख बाजारों का जायजा लिया तो लोग आम दिनों की तरह सब्जी, राशन सामग्री और अन्य सामान बाजारों में सिगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री करते देखे गए।प्रतिबंधित पालीथिन और प्लास्टिक बाजार और मंडियों में धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। शनिवार को फल और सब्जी मंडी में प्रतिबंधित पालीथिन के इस्तेमाल को कैमरे की नजर में कैद किया। फफूंद चौराह,मुरादगंज तिराह, ख्यालीदास तिराह व मुख्य बाजार तिराहा चमनगंज के आस पास लगी ठेलियों में दोपहर के समय काफी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आए थे। किसी के हाथ में कपड़े का थैला था तो कोई प्लास्टिक का बोरा लेकर सब्जी लेने पहुंचा, लेकिन यहां ऐसे लोग भी थे जो तमाम अपील और प्रतिबंध के बावजूद दुकानदारों के भरोसे सामान लेने पहुंचे थे। इन्हें सब्जी और फल बेच रहे दुकानदारों ने निराश भी नहीं किया। छिपाकर और खुले में रखी गईं प्रतिबंधित पालीथिन में दुकानदारों ने ग्राहकों को धड़ल्ले से फल और सब्जी भरकर दिए गए। पॉलिथीन में सामान ले रहे लोगों से जब पूछा कि इन पर प्रतिबंध लग गया है तो उनका कहना था कि यह सब कहने की बात है। पहले फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध लगाए सरकार। इसके बाद ही बंद होगा। वहीं, जागरूक लोगों का कहना था कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए नहीं सोचेंगे तो दूसरे ग्रह से कोई इस पर अमल करने नहीं आएगा। लोगों को इसके लिए खुद जागरूक होना होगा। बही नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नगर के दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित किए जा चुके है फिर भी हठधर्मी करके नगर पंचायत द्वारा दिए गए थैला न लाकर के पॉलिथीन में ही सामान लेकर जाते है। जनचर्चा है की नगर के दुकानदारों के पास पॉलीथीन भारी मात्रा में अपने अपने घरों में रखें हुऐ है। नगर के बुद्धजिवियों ने जिलाधिकारी औरैया से मांग की है कि सदर एसडीएम औरैया द्वारा अकाश्मिक छापे डलवाए जाए ताकि पॉलीथीन बंद हो सके।



## ट्राला ने साइकिल सवार को रौंदा,दूध लेकर घर जा रहे बिजली कर्मी की मौत, चालक ट्राला छोड़कर पहुंचा कोतवाली

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। औरैया में दिबियापुर बाईपास पर एक अनियंत्रित ट्राला ने साइकिल सवार बिजली कर्मी को रौंद दिया। बिजली कर्मी दूध लेकर घर जा रहे थे। ट्राला का पहिया सिर के ऊपर से निकल जाने से बिजली कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्राला छोड़कर कोतवाली पहुंच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मोहल्ला बनारसीदास निवासी विनोद कुमार बिजली विभाग में कचहरी कोर्ट फीडर में संविदा पर एसएचओ के पद पर कार्यरत था। शनिवार की सुबह वह साइकिल से दूध लेने गया था। दूध लेकर वह दिबियापुर बाईपास से वापस अपने घर जा रहा था। इस बीच नरोत्तमपुर मोड़ पर एक तेज अनियंत्रित ट्राला ने साइकिल सवार को रौंद दिया। पहिया सिर के ऊपर से निकलने से बिजली कर्मी विनोद की मौत हो गई। आस पास के लोग दौड़े तो चालक ट्राला छोड़कर सीधे कोतवाली पहुंच गया। मौके पर आई कोतवाली पुलिस ने पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी। सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी आ गए। बिजली विभाग के तमाम कर्मी भी मौके पर आ गए थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डॉक्टरों के द्वारा निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान हुई लापरवाही के कारण मासूम बच्चे का काटा गया हाथ



**माधव संदेश/ संवाददाता**

रायबरेली डॉक्टरों के द्वारा निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान हुई लापरवाही के कारण मासूम बच्चे का काटा गया हाथ मामले का संज्ञान लेते हुए बीजेपी से सदर विधायक अदिति सिंह ने नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही का दिया आश्वासन मामला शहर के नेहरू नगर क्रॉसिंग पर स्थित प्राइवेट सत्यम हॉस्पिटल का है जहां लालगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी सुरेंद्र शर्मा के 2 वर्ष के मासूम बच्चे राघव को निमोनिया होने के कारण 13 जून 2023 को प्राइवेट सत्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया था धरती के कराने के बाद डॉक्टरों ने बच्चे का इलाज शुरू किया इलाज के दौरान बच्चे को के साथ-साथ कई इंजेक्शन भी लगाए गए जिसके एवज में डॉक्टरों ने मासूम बच्चे के परिजनों से फीस के तौर पर मोटी रकम भी वसूली इसी बीच बच्चे के जिस हाथ इंजेक्शन लगा था उसमें इन्फेक्शन फैलने लगा यह बात बच्चे के पिता ने जब अस्पताल के डॉक्टरों को बताई तो डॉक्टरों ने उसे आश्वासन देते हुए कहा कि परेशान ना हो ठीक हो जाएगा लेकिन एक-दो दिन बीत जाने के बाद जब इंफेक्शन और फैलने लगा तो डॉक्टरों ने बच्चे को अस्पताल से भगा दिया था लेकिन जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए मासूम बच्चे को एम्स में भर्ती कराया जहां बच्चे का बायां हाथ कर दिया गया आज सदर विधायक अदिति सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# नगर पालिका अध्यक्ष को विभिन्न वार्डो की जनसमस्याओं से नहीं कोई सरोकार

### बारिश से लगभग सभी मोहल्लों में जलभराव से बजबजा रही नालियां

### मौसम के साथ ही बदला मिजाज अब गुरुर में हुआ तब्दील



**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली । हालिया संपन्न हुए नगर पालिका के चुनाव में जनता ने शत्रोहन सोनकर को जनसेवक के रूप में मौका दे दिया । कमान मिलने के बाद कुछ समय बाद ही पालिका अध्यक्ष के जनसेवक और सख्त मिजाज और तेवरों के चर्चे शुरू होने लगे । लेकिन कहा जाता है कि कुर्सी मिलने के बाद हाव भाव में परिवर्तन आना स्वाभाविक है । उल्लेखनीय है कि कार्यालय के गलियारों से लेकर आवास तक में सिर्फ ठेकेदारी पाने की लालसा रखने वालों की ही लाईन लगी रहती है । फिलहाल वर्तमान समय में शहर के समस्त वार्ड जलनिकासी की गंभीर समस्या से जलभराव और गढ्डा युक्त सड़को को झेल रहे हैं । ऐसे में एक जनसेवक को मलिन बस्तियों में तूफानी निरीक्षण और मौजूद सरकारी संसाधनों का उपयोग करके इस समस्या से छुटकारा दिलाये जाने का प्रयास करना चाहिये । लेकिन इन्होने जनता की उम्मीदों को चकनाचूर करके एक नया प्रयोग करके टोल फ्री नंबर जारी कर दिया और फिर चैन की बंशी बजाने लगे । कीचड़ और गंदे पानी से भरे मोहल्लों की गलियों में स्थानीय निवासियों का जीना दूभर है । जागरूक मोहल्लेवासियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्त किया दर्द किसी से छिपा नहीं है । शायद यही कारण है कि बारिश के मौसम में नगर पालिका की बदहाली को स्वीकार करने में पालिका अध्यक्ष पूरी तरह से उदासीन हो चुके हैं ।

# जिलाधिकारी ने सोहगा तालाब का किया निरीक्षण

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़**
**माधव संदेश**



चित्रकूट- पहाड़ी थाना के ठीक सामने सोहगा तालाब का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि तालाब को स्वच्छ सुंदर बनाया जाए वही तालाब में पानी आने वाले जगह पर जाली लगाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद तालाब के सुंदरीकरण कार की रूपरेखा बताया। वहीं मौजूद सचिव विकास कुमार को फिल्टर चेंबर उच्चीकरण कराने के निर्देश दिए। तथा कहा कि भीटे के किनारे किनारे वृक्षारोपण किया जाए तथा इंटरलॉकिंग बेरीकेटिंग बैंच आदि की व्यवस्था करा कर तालाब को बेहतर सुंदर बनाएं। तालाब के भीटे की मिट्टी को रोकने का प्लान तैयार करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह एवं ग्राम पंचायत के त्रिस्तरीय समिति दुर्गा प्रसाद शारदा प्रसाद माया देवी एवं सचिव विकास कुमार द्वारा कराए गए तालाब के सुंदरीकरण कार्य की सराहना किया। पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला ने तारीफ करते हुए कहा कि पहले बेहद गंदा तालाब था। ग्राम पंचायत समिति एवं सचिव द्वारा सुंदर बेहतर तालाब में कार्य कराया गया है।थाना के पास खड़े ट्रकों को दूसरी जगह खड़ा कराने के लिए इस्पेक्टर पहाड़ी को निर्देशित किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, खंड विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुप नारायण सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कुमार, एसएचओ पहाड़ी एस के नागर ग्राम प्रधान दुर्गा प्रसाद शारदा विश्वकर्मा राजस्व विभाग के तहसीलदार नायब तहसीलदार लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी ने दूरदराज से आए ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़**
**माधव संदेश**

चित्रकूट- समाधान दिवस थाना पहाड़ी में थाना परिसर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को सुन त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस विभाग की संयुक्त मदद से संबंधित राजस्व एवं चकबंदी विभाग के लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारण करने के आदेश दिए। दूरदराज से आने वाले फरियादियों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि थाना स्तर में समस्याओं को सुना जाना बहुत ही सराहनीय कार्य है। पुलिस एवं राजद चकबंदी संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर फरियादियों को त्वरित न्याय देंगे। हवाई समाधान दिवस में 17 प्रार्थना पत्र दिए गए सभी प्रार्थना पत्रों का संबंधित विभागों को निस्तारण करने के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्देश दिए। वहीं अधिकांश प्रार्थना पत्र जमीन विवाद संबंधित थे। कर्वी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कौहारी में पूर्व प्रधान द्वारा पंचायत भवन में कब्जा करने के मामले का तुरंत निस्तारण किया गया तथा ग्राम प्रधान सचिव के सुपुर्द करने के लिए लिखा पढ़ी हुई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, खंड विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह, सीओ चकबंदी आनंद सिंह,सहायक विकास अधिकारी पंचायत रूप नारायण सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी एसके नागर, एसएचओ क्राइम शंभू दयाल,सब इंस्पेक्टर राहुल पांडेय, ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कुमार पहाड़ी बुजुर्ग,राजस्व लेखपाल ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव,चकबंदी लेखपाल नीलेश कुमारी राजस्व एवं चकबंदी विभाग के सभी लेखपाल कानूनगो मौजूद रहे।



## खर्च ना देने पर भाभी ने आत्महत्या कर देवर को फंसाने की दी धमकी

**माधव संदेश/आकाश**



अछल्दा,औरैया (ब्यूरो)। बच्चों की पढ़ाई का खर्चा न देने पर भाभी ने अपने देवर देवरानी आदि परिवारी जनों को स्वयं की आत्महत्या के मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने की धमकी दी है जिससे परेशान व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुर नेवलगंज निवासी प्रमोद कुमार पुत्र स्वर्गीय देव सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पहली पत्नी की 2022 में मौत हो गई थी उससे उसका एक पुत्र लगभग 2 वर्ष का दिव्यांशु है। पत्नी की मृत्यु के बाद उसकी देखभाल उसके भाई राघवेंद्र सिंह व भाभी दीपका कर रही थी । उसके द्वारा 27 जून 2023 को जयंती नामक महिला से शादी कर ली गई है। जयंती के भी पति का निधन हो चुका था और उसके भी दो पुत्रियां हैं। पीड़ित ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी भाभी दीपका अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उससे मांग रही है और ना देने पर स्वयं आत्महत्या कर उसे व उसके परिवारी जनों को फंसाने की धमकी दे रही है जिससे वह बेहद परेशान है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

# समाधान दिवस पर फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्रथमिकता के आधार पर की जाए - नेहा प्रकाश

### संपूर्ण समाधान दिवस पर आए दस फरियादियों में से एक फरियादियों की शिकायतों का हुआ निस्तारण

**माधव संदेश/आकाश**

अछल्दा, औरैया (ब्यूरो)। समाधान दिवस पर फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्रथमिकता के आधार पर की जाए और एक ही शिकायत के लिए बार-बार थानां दिवस व तहसील दिवस में शिकायतकर्ता को चक्कर न लगाना पड़े इस आधार पर शिकायतों को निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने थानां अछल्दा में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर आये फरियादी राघवेन्द्र यादव पुत्र जोर सिंह यादव निवासी मानिकपुर थानां अछल्दा की ग्राम पंचायत नगरिया में स्थित भूमि संख्या 124 व 121 पर दोनों पक्षो में आसपास में विवाद चल रहा है। विपक्षी राकेश कुमार पुत्र हरिकिशन निवासी दिलीपुर थानां अछल्दा द्वारा भूमि संख्या 124 पर आपत्ति दायर कर पीड़ित की पैमाइस नही होने के आरोप में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा पीड़ित राघवेन्द्र यादव के शिकायती पत्र पर सम्बंधित लेखपाल अनवेंद्र यादव को पुनः पैमाइस करने के आदेश दिये। विपक्षी राकेश कुमार के खिलाप थानां अछल्दा प्रभारी को कार्यवाही करने के आदेश दिये। जिला अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कहा कि प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा अपने स्तर से करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण लिखित पत्र के साथ शिकायतकर्ता को सूचना दी जाए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। अछल्दा थानां में संपूर्ण समाधान दिवस पर आए 10 फरियादियों में से 1 फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शिकायतों में सबसे अधिक जमीन कब्जा, की समस्या आदि प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनको संज्ञान में लेकर मौके पर जाकर मामले को देखें और नियमानुसार कार्यवाही कर समयबद्धता के साथ निस्तारण कराये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम, थानां प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह सहित राजस्व विभाग सहित थानां क्षेत्र के फरियादी उपस्थित रहे।



## मृतक बच्चों के परिजनों को चार लाख की अहैतुक सहायता

**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**



रायबरेली, 08 जुलाई 2023 जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बताया है कि 8 जुलाई 2023 को जनपद में ग्राम मंगता डेरा मजरे बांसी रिहायक तहसील डलमऊ में आबादी के किनारे बने तालाब में 5 बच्चों के नहाते समय डूबकर मृत्यु हो गई। इन बच्चों में रितु, सोनम, अमित, वैशाली और रुपाली शामिल है। यह प्रकरण राज्य आपदा मोचक निधि के अंतर्गत आता है। जिसमें प्रति मृतक बच्चे के परिजनों को चार लाख की अहैतुक सहायता प्रदान की जाएगी।

## महापौर व नगर आयुक्त ने किया वृक्षारोपण

फिरोजाबाद। एक से सात जुलाई तक आयोजित वन महोत्सव के अंतिम दिवस के अवसर पर महापौर एवं नगर आयुक्त के निर्देशन में वार्ड सं. 48 लेवर कॉलोनी स्थित रामलीला ग्राउंड एवं वार्ड संख्या 12 ककरऊ सुरेश नगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को महापौर कामिनी राठौर एवं नगर आयुक्त घनश्याम मीणा ने निगम अधिकारियों के संग लेबर कॉलौनी स्थित रामलीला ग्राउंड एवं ककरऊ सुरेश नगर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान अभियंता मनीष कुमार सिंह, महाप्रबन्धक जल रामबाबू राजपूत, जौनल सैनेटरी ऑफीसर संदीप भार्गव, प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, अवर अभियंता विभोर कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विपन कुमार, दिनेशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने स्थापना दिवस मनाया



इटावा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटावा नगर इकाई द्वारा विद्यार्थी परिषद के 75 वें स्थापना दिवस को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से राष्ट्रीय छात्र दिवस लिखा वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी के सपनों का भारत बनाने के लिए विद्यार्थी परिषद विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से सतत सक्रिय है। जिला संयोजक प्रखर शुक्ल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र हित , छात्र हित व समाज में व्याप्त अनेकों समस्याओं के निवारण के लिए अनवरत कार्यरत है। अभाविप अपने 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इह वर्ष इटावा में विद्यार्थी परिषद 32000 सदस्यता कर छात्र ,छात्राओं व शिक्षकों को परिषद परिवार में शामिल कर व्यक्तित्व विकास व चरित्र निर्माण की पाठशाला में जोड़ेगा । पूर्व जिला संयोजक अभिषेक राठौर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन होने के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास कर उनके अंदर की प्रतिभा को एक उचित मंच देने का भी काम करता है ।

## 25 सितंबर को भोपाल में भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ, पीएम मोदी भी हो सकते हैं शामिल



**भोपाल । भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर 25 सितंबर को भोपाल में चौथा कार्यकर्ता महाकुंभ आयोजित करेगी। विधानसभा चुनाव के पहले होने वाले इस बड़े आयोजन में पार्टी के 10 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल कराने की तैयारी है। कार्यकर्ताओं को विजय संकल्प दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसमें शामिल हो सकते हैं। औपचारिक रूप से 25 सितंबर से प्रदेश में भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का श्रीगणेश भी प्रधानमंत्री के माध्यम से कराने की तैयारी है। बता दें कि अब तक पिछले दो चुनावों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश भर में निकाली जाने वाली जनआशीर्वाद यात्रा का समापन इसी कार्यकर्ता महाकुंभ में होता रहा है। कार्यकर्ता विजय संकल्प लेकर क्षेत्र में रवाना हो जाते हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन राजधानी के जंबूरी मैदान में होगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत केंद्रीय नेतृत्व उपस्थित रहेगा। पार्टी ने पिछले तीन विधानसभा चुनावों में भी कार्यकर्ता महाकुंभ से ही चुनावी शंखनाद किया था। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ही चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत कराने के प्रयास चल रहे हैं। इसके लिए उनसे समय मांगा गया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कुछ बड़ी योजनाओं की घोषणा भी कर सकते हैं।पार्टी नेताओं के अनुसार प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाए गए भूपेन्द्र यादव के भोपाल आगमन के बाद कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां प्रारंभ कर दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव में पहली बार भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन किया था। इसके बाद से हर विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी यह आयोजन कर कार्यकर्ताओं को विजय संकल्प दिलाकर रवाना करती है। प्रदेश में लगभग 65 हजार से ज्यादा बूथ हैं। हर बूथ से 20 कार्यकर्ताओं को भोपाल आमंत्रित किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह भाजपा का बड़ा शक्ति प्रदर्शन होता है।**

# परिवार नियोजन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगा सारथी वाहन

### -सीएमओ ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

### -परिवार नियोजन का मनपसंद साधन अपनाने की अपील



फिरोजाबाद। विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के दंपति सम्पर्क चरण के दौरान सारथी वाहन जन-जन तक परिवार नियोजन का संदेश पहुंचाएगा। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन ने अपने कार्यालय से जन संदेश वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीएमओ ने सभी सुयोग्य दंपति से परिवार नियोजन का मनपसंद साधन अपनाकर जीवन खुशहाल बनाने की अपील की।

डॉ रामबदन ने बताया कि सारथी वाहन का संचालन दंपति संपर्क पखवाड़े के दौरान सात से 10 जुलाई तक 4 कार्य दिवसों में किया जाएगा। जनपद में दो तथा सभी 9 ब्लॉक में तीन-तीन सारथी वाहनों का संचालन किया जाएगा। जो मुख्यालय क्षेत्र के साथ ही सभी गांव, झुग्गी बस्ती और शहरी क्षेत्रों में घूम-घूम कर परिवार नियोजन संबंधी संदेशों का प्रचार प्रसार करेंगे। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ फारूख ने कहा कि सारथी वाहनों को सुसज्जित कर और ऑडियो, बैनर आदि लगाकर लोगों में प्रचार किया जाएगा, जिससे लोग परिवार नियोजन की सेवाओं को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। सारथी वाहन में गर्भनिरोधक साधनों वाला परिवार नियोजन किट भी रखा गया है। किट में कंडोम, आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां (ई-पिल्स) एवं गर्भावस्था जांच किट रखी गयी है। जिला फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजर अरविंद चौधरी ने बताया कि जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर पर्याप्त गर्भनिरोधक साधन उपलब्ध कराए गए हैं। पखवाड़े के दौरान परिवार नियोजन के लिए इच्छुक दंपति को आशा कार्यकर्ता के माध्यम से काउंसलिंग कराते हुए उनकी सूची भी तैयार कराई जाएगी। परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी के अलावा आईयूसीडी व अंतरा इंजेक्शन के इच्छुक लाभार्थियों की भी सूची तैयार की जाएगी। इस मौके पर डॉ पवन वर्मा, डॉ हंसराज और डीपीएम मो आलम सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# महानगर महिला व्यापार मंडल ने एसपी सिटी को सौंपा ज्ञापन



### -शहर में लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की माग

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार महानगर महिला व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अंबेश शर्मा के मार्गदर्शन में महिला महानगर अध्यक्ष आकृति सहयोगी के नेतृत्व में एसपी सिटी कार्यालय पहुंचा। जहॉ प्रतिनिधि मंडल ने एसपी सिटी सर्वेश चंद्र मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें फिरोजाबाद क्लब चौराहे से लेकर कोटला चुंगी चौराहे तक लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है। व्यापार मंडल की महिला महानगर अध्यक्ष आकृति सहयोगी ने एसपी सिटी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि कोटला चुंगी पुल के नीचे एवं फिरोजाबाद क्लब के नीचे नगर निगम द्वारा ऑटो स्टैंड बनाया गया। उसके बावजूद भी ऑटो मैंन रोड पर आड़े तिरछे खड़े हो जाते हैं, जिसके कारण वहां जाम के हालत बने रहते है। जाम के चलते राहगीरों एवं दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पूरे नगर में जाम की स्थिति विकराल हो चुकी है। दोपहर दो बजे के बाद गांधी पार्क के चौराहा पर कई स्कूलों की एक साथ छूट्टी होने के कारण जाम के हालत बन जाते है। उन स्कूलों की छुट्टी के समय में दस-दस मिनट का अंतराल रखा जाएं। जिससे गांधी पार्क पर लगने वाले जाम से कुछ राहत मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में पवन दीक्षित, दीक्षा अग्रवाल, शशि यादव, सरिता गुप्ता, स्वाति कश्यप, सपना राणा, निरंजना शंखवार, पंकज यादव, आकाश सहयोगी आदि व्यापार मंडल की महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

# एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को कावंड़ यात्रा के प्रति किया सर्तक



**फिरोजाबाद। शुक्रवार को एसएसपी आशीष तिवारी ने पुलिस लाइन ग्राउंड पर परेड की सलामी ली। वहीं सभी पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउंड में दौड़ लगवाई। टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक कर सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई। वहीं एसएसपी ने परेड में उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण को श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा के संबंध में सर्तक रहने को कहा। अपनी बीट में सी प्लान एप के माध्यम से प्रतिदिन ग्राम, मजरों, कस्बों में संभ्रांत व्यक्तियों को कॉल करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं के सम्बंध में समयबद्व जानकारी हो सके। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्राधिकारी सदर लाइन हीरालाल कनौजिया ने दिया।**

# चंद्रप्रभु मंदिर में चार माह तक बिराजेगी गणिनि माताऐं



फिरोजाबाद। नगर के चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवास कर रहीं आर्यका गणिनि 105 पुराणमती माताजी एवं 105 दिव्यमती माताजी के पावन चातुर्मास हेतु शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा चातुर्मास की व्यवस्था हेतु कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राहुल जैन इसोली ने मंगलाचरण के साथ किया। इस अवसर पर चंद्रप्रभु भगवान एवं आचार्य विद्यासागर गुरुदेव के चित्र का अनावरण मुकेश जैन दुर्गेश एवं रितेश जैन ने किया तथा धीरेन्द्र जैन एवं सुधीर जैन राजकीय ठेकेदार ने दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात वर्षयोग समिति के पदाधिकारीयों ने मुख्य वक्ता अनूप चंद्र जैन एडवोकेट, मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद जैन राजू, ललितेश जैन, मुकेश जैन, राजेश जैन, अशोक जैन तुलसी, विनोद जैन मिलेनियम, सतेंद्र जैन सोली, संभव प्रकाश जैन, अरुण जैन पीली कोठी, आदि का तिलक लगाकर एवं पीत दुपट्टा उड़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनूप चंद्र जैन ने कहा कि नगर में मुनि व्यवस्था संघ की स्थापना की जानी चाहिए, जिससे नगर में आयोजित होने वाले जिन साधुओं के चातुर्मास निर्विघ्न संपन्न हो सकें। समिति के मीडिया प्रभारी आदीश जैन ने बताया कि नौ जुलाई दिन रविवार को दोपहर एक बजे चंद्रप्रभु मंदिर प्रांगण में दोनों माताजी के चातुर्मास हेतु मगल कलश की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि चातुर्मास के चार माह तक प्रतिदिन प्रात: मंदिर में नित्य नियम जिनाभिषेक, जिन पूजन के पश्चात् प्रात: सभी जिन भक्तों को माताजी की दिव्य देशना सुनने को मिलेगी एवं शाम को सभी जिनभक्त महाआरती तथा आनंद यात्रा का लाभ ले सकेंगे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष महेन्द्र जैन गप्पू, महामंत्री महेन्द्र जैन गुल्ली, सुशील जैन, साहस कुमार जैन,राजीव जैन रागी, अजय जैन बजाज, संभव प्रकाश जैन, अंकित जैन बजाज, तरुण जैन, प्रमोद जैन सोनल, चक्रेश जैन, चंद्र प्रकाश जैन, सनत कुमार जैन, नितिन जैन, राजू जैन, अनुज जैन तुलसी बिहार, प्रदीप जैन पी के, पंकज जैन, सुकुमाल जैन, प्रवीण जैन, विजय जैन एडवोकेट, धीरेश सिंघई, मनोज जैन, जयंती प्रसाद जैन के साथ अनेकों जिन भक्त उपस्थित रहे।

# एंबुलेंस कर्मियों की लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत, कर्मी ने 100 रुपये की ली रिश्वत, जाँच में पाया गया दोषी, सिविल लाइन पुलिस नहीं लिख रही मुक़दमा

**(सुघर सिंह सैफई)**

इटावा। एंबुलेंस कर्मी की लापरवाही से एक गर्भवती महिला की जान चली गई। एंबुलेंस कर्मी के विरुद्ध जब जाँच हुई तो वह जांच में दोषी पाया गया और उसका तबादला जनपद फतेहपुर कर दिया गया। तबादला से खिसियाकर एंबुलेंस कर्मी अब शिकायतकर्ता को एसएमएस करके गंदी गंदी जतिसूचक गाली व गोली मारने की धमकी दे रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार दुर्गेश कुमार जाटव पुत्र बेचेलाल ग्राम छोटा नगला बाबा कचौरा रोड थाना सिविल लाइन जनपद इटावा ने बताया कि मेरे भाई अरविंद कुमार की पत्नी कविता देवी गर्भवती थी जिसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से दिनांक 18 जून को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां तबीयत बिगड़ने पर वहां के डॉक्टरों ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए रेफर कर दिया इसके बाद मेरे द्वारा मरीज को सैफई ले जाने के लिए एएलएस एंबुलेंस को फोन किया गया जिस पर एंबुलेंस चालक काफ़ी देर बाद आया और आते ही अभद्रता की और झगड़ा करने पर उतारू हो गया। जिससे काफी देर हो गई। उसके बाद मेरे मरीज को लेकर सैफई पहुंचा मरीज़ को उतारने के बाद एंबुलेंस सहायक अंशुल यादव ने मुझसे 500 रुपये माँगे मैंने कहा कि मेरे पास नहीं है तो बहुत दबाव बनाया तो मैंने पेटीएम से 100 रुपये भेज दिये। तब तक मेरे मरीज की जान जा चुकी थी।एंबुलेंस चालक व सहायक की लापरवाही से मरीज की जान गई है। जब एंबुलेंस के सेंटर से मेरे पास फीडबैक के लिए फोन आया तो मैंने पूरी व्यथा कही। जिस पर जांच करने के लिए टीम गठित की गई टीम गठित होने पर जांच हुई तो जांच में एंबुलेंस सहायक अंशुल यादव दोषी पाया गया तो उसे फतेहपुर ट्रांसफर करके भेज दिया गया । दुर्गेश कुमार ने बताया कि 7 जुलाई शुक्रवार को समय 10:45 बजे एक अनजान नंबर 8439005490 से मेरे मोबाइल नंबर 95572 79183 व्हाट्सएप पर व मेरे भाई के व्हाट्सएप नंबर 8077133690 पर मैसेज आया उस पर खुशबू नाम लिखा था और महिला की फोटो लगी थी। उससे मुझे गंदी गंदी जातिसूचक गालियां व जान से मारने, गोली मारने की धमकी दी गई और बोला कि अभी तेरी भाभी को मारा है अब तू भी मरेगा। पूर्व में इस एंबुलेंस सहायक का रिश्तेदार मुकेश यादव उर्फ़ चंदू पुत्र नरोत्तम सिंह उर्फ़ भूरे यादव निवासी कटेखेड़ा ने मो0 न0 7394803872 से फोन करके मिलने के लिए घर नगला बाबा आया और घर आकर मां बहन की गंदी गंदी जातिसूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने बताया कि एंबुलेंस का सहायक अंशुल यादव मेरा रिश्तेदार है अगर उसे कुछ हुआ तो तुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगे और तेरा गांव में रहना मुश्किल कर देंगे । दुर्गेश कुमार ने एंबुलेंस चालक, एंबुलेंस सहायक अंशुल यादव व उसके रिश्तेदार मुकेश यादव कटेखेड़ा के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में आयोजित समाधान दिवस में एसएसपी इटावा को मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

# राजापुर पुलिस ने जल जीवन मिशन के पाइप चोरी करने वाले 03 अभियुक्तो को किइस गिरफ्तार

### बिना नम्बर का ट्रैक्टर व भारी मात्रा में पाइप बरामद

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिक्षा के नेतृत्व में थाना राजापुर पुलिस ने जल जीवन मिशन की पाइप चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को बिना नम्बर के ट्रक्टर में चोरी के पाइपों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की । भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल पहुंचाने की योजना से संबंधित पाइपों को चोरी के संबंध की शिकायतें लगातार आने के बाद पूर्व में थाना रैपुरा एवं मारकुण्डी में जल जीवन मिशन से सम्बन्धित पाइपों को चोरी करने वाले अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं भारी मात्री में पाइप भी बरामद किये जा चुके हैं । इसी क्रम में कल दिनाँक 07.07.2023 को थाना राजापुर में नियुक्त उ0नि0 कन्हैयालाल बक्श सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मुखबरि की सूचना पर कस्बा राजापुर के बाजपेई तिराहा से अभियुक्त 1. वीरपाल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी कबरा पुरवा महुटा थाना अतर्रा जनपद बांदा 2. विपिन मौर्या पुत्र हरीप्रसाद मौर्या निवासी बिसुण्डी थाना रामगंज जनपद अमेठी 3. अनुज वर्मा पुत्र रामशरन वर्मा निवासी सरौली थाना कहडोर जनपद प्रतापगढ़ को बिन नम्बर के पावर ट्रेक टैक्टर में प्लास्टिक ।।छ्क्क पाइप 90स्रू करीब 40 मीटर, 75 स्रूकी 100 मीटर, 70 अदद स्टैण्ड पोल सीमेन्ट का जिसमें लोहे की जीआई पाइप लगी है लगभग 02-02 मीटर की, छ1 बैण्ड 350स्रूएक पीस, रेडूसर 02 अदद लोहा व टेस्टिंग पाइप बरामद हुआ । अभियुक्तों द्वारा कड़ी पूछताछ में बताया कि जनपद बांदा के फतेहगंज थानान्तर्गत बघेलावारी में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है हम लोग यह



माल वहीं से चुरा के लाये हैं । थाना राजापुर पुलिस द्वारा थाना फतेहगंज से जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि एल एण्ड टी कन्सट्रैक्शन के आरआईओ श्री रामनाथ मिश्रा की तहरीर पर थाना फतेहगंज में उक्त चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 39/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है ।

# नाबालिग लड़की के साथ अधेड़ ने किया दुष्कर्म

### लड़की सामान्य जाति की बताई जा रही जबकि आरोपी अनुसूचित जाति का

### घटना को देखते हुए ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**माधव संदेश /संवाददाता** रायबरेली लालगंज तहसील क्षेत्र के सरेनी थाना अंतर्गत पूरे सुखरिया मजरे लखन गांव में 50 वर्षीय अधेड़ ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया बताते चलें कि पूरे सुखरिया निवासी राजकुमार रैदास उम्र 50 वर्ष पुत्र गया प्रसाद कल ही घर आया था दोपहर करीब 12:30 बजे के आसपास गांव की ही नाबालिक लड़की दुकान पर सामान लेने गई थी जैसे ही घर वापस जा रही थी सामने बना आरोपी का घर था आरोपी ने अपने घर में बहाने से लड़की को बुलाकर मुंह दबा कर दुष्कर्म किया जबकि आरोपी राजकुमार की पत्नी घर के अंदर बर्तन धो रही थी आरोपी पहले भी



अपनी लड़की के साथ दुष्कर्म कर चुका है जिसमें किसी तरह से गांव के लोक लाज के भय से घरवालों ने समझौता कर लिया था सूचना पर पहुंची सरेनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर पीड़ित लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया

### 1070 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं धोनी

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी खेल के मैदान के साथ ही बाहर भी शीर्ष पर रहे। धोनी खेल में जहां शिखर पर पहुंचे। वहीं कारोबार जगत के साथ ही कई अन्य क्षेत्रों में भी वह छाये रहे। एक रिपोर्ट के अनुसार धोनी करीब 1070 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। वह हर महीने 4 करोड़ से ज्यादा कमाते हैं जबकि साल में वह 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई करते हैं। उनकी आईपीएल सैलरी 12 करोड़ है। गल 16 आईपीएल सत्र में उन्होंने केवल क्रिकेट के जरिए ही करीब 178 करोड़ रुपए कमाए हैं। धोनी सोशल मीडिया में भी बेहद लोकप्रिय हैं। वह सोशल मीडिया पर कोई एक पोस्ट साझा करने के लिए ही 1 से 2 करोड़ रुपये लेते हैं। इसके अलावा धोनी विज्ञापन के जरिए भी काफी पैसा कमाते हैं।

### वावरिंग को हराकर विंबलडन के अंतिम 16 में पहुंचे जोकोविच

**लंदन।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के स्टान वावरिंग को 6-3, 6-1, 7-6(5) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने इस मैच में आसान जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही जोकोविच अंतिम 16 में पहुंच गए। अब यहां उनका मुकाबला मुकाबला पोलैंड के 17वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हुरकाज से होगा।

### एशियाई खेलों के लिए भेजी जाएगी भारतीय टीम - शाह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कहा है कि हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम भेजी जायेगी। शाह ने कहा कि हम एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे। शीर्ष परिषद ने हमारी पुरुष और महिला टीमों को इन खेलों में भाग लेने अनुमति दे दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों के लिए जाने वाली इस टीम और एकदिवसीय विश्वकप खेलने वाली टीम में कोई विशेष अंतर नहीं होगा। शाह ने ये भी कहा कि क्रिकेट मैचों के मीडिया प्रसारण अधिकार अगले माह अगस्त के अंत तक तय किये जाएंगे। नए मीडिया अधिकार करार की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय होगी। पिछले मीडिया अधिकार 2018 से 2023 तक के लिए थे। खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला भी शामिल रहेगी।

# भारतीय क्रिकेट टीम डोमिनिका पहुंची, 3 दिन बाद मुकाबला




**बारबाडोस/डोमिनिका।** भारतीय क्रिकेट टीम बारबाडोस में 5 दिन तक प्रैक्टिस करने के बाद डोमिनिका पहुंच चुकी है। BCCI ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर आज सुबह प्लेयर्स के डोमिनिका पहुंचने के फोटोज शेयर किए। डोमिनिका के विंडसर पार्क में 12 जुलाई से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने इस मुकाबले के लिए 13 खिलाड़ियों के नाम जारी कर दिए हैं। वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी क्रेग ब्रैथवेट ही करेंगे, टीम में 2 अनकैप्ड खिलाड़ी और 2 रिजर्व खिलाड़ी भी चुने गए। BCCI ने शनिवार सुबह करीब 7 बजे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खिलाड़ियों की फोटोज पोस्ट कीं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड़, उप कप्तान अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल नजर आए। वहीं एक फोटो में ईशान किशन और विराट कोहली साथ बैठकर हंसी-मजाक करते दिखे।

#### अश्विन-जडेजा भी एयरपोर्ट पर दिखे

BCCI की पोस्ट में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, जयदेव उनादकट, मुकेश कुमार, शार्दूल ठाकुर, बैटर शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, विकेटकीपर केएस भरत, बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और बॉलिंग कोच पारस म्हाबरे भी नजर आए। BCCI ने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा, 'जब हम डोमिनिका के लिए निकले।' टीम इंडिया 3 जुलाई से बारबाडोस में प्रैक्टिस कर रही थी, यहां टीम ने प्रैक्टिस मैच भी खेला। अब टीम डोमिनिका पहुंच चुकी है, जहां 12 जुलाई को शाम 7:30 बजे से पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। फिर 20 जुलाई से त्रिनिदाद एंड टोबैगो में दूसरा टेस्ट होगा।

#### वेस्टइंडीज टीम में 2 स्पिनर्स चुने गए

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज ने 13 प्लेयर्स की टीम चुनी। इनमें गेंदबाज कर्क मैकेंजी और बैटर एलिक एथानाजे के रूप में 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों को चुना गया, जिन्हें भारत के खिलाफ डेब्यू का मौका मिल सकता है। वहीं टीम में 2 स्पिनर्स रहकीम कॉर्नवॉल और जोमेल वारिकन को भी चुना गया।

# एनरिक नॉर्त्या साउथ अफ्रीका में प्लेयर ऑफ द ईयर बने- रबाडा टेस्ट, बावुमा ने वनडे प्लेयर का अवॉर्ड जीता; इस्माइल टॉप विमेंस खिलाड़ी



**केप टाउन।** तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या साउथ अफ्रीका के मेंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने। विमेंस में शबनिम इस्माइल प्लेयर ऑफ द ईयर बनीं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने शुक्रवार को अपना सालाना अवॉर्ड शो आयोजित किया। नॉर्त्या और इस्माइल 2021 में भी यह अवॉर्ड जीत चुके हैं। तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को मेंस टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। वहीं, साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान तेंबा बावुमा वनडे और ओपनिंग बैटर रीजा हेंड्रिक्स टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर बने। डेविड मिलर को 'प्लेयर्स प्लेयर ऑफ द ईयर' चुना गया।

#### लौरा वॉल्वार्ट वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर

विमेंस में बैटर लौरा वॉल्वार्ट वनडे और गेंदबाज नोन्कुलुलेको मलाबा टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर बनीं। 23 साल की मलाबा पावरप्ले में गेंदबाजी करती हैं। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप के 6 मैचों में 6 विकेट लिए थे। वहीं गेंदबाज सिनालो जाफ्ता फैंस विमेंस प्लेयर ऑफ द ईयर बनीं।

#### रिटायरमेंट के बाद मिला अवॉर्ड

शबनिम इस्माइल ने इसी साल मई में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया था। उन्होंने टीम के लिए मार्च में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के 6 मैचों में 8 विकेट लिए थे। इस्माइल ने जून 2022 से साउथ अफ्रीका के लिए वनडे और टी-20 फॉर्मेट मिलाकर 13 विकेट लिए। एनरिक नॉर्त्या ने जून 2022 से जून 2023 तक साउथ अफ्रीका के लिए तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लिए। उन्होंने 26 मैचों में 53 विकेट लिए। उनके बाद कगिसो रबाडा ने 24 मैचों में 49 विकेट लिए। नॉर्त्या ने इस दौरान टी-20 में 16, वनडे में 14 और टेस्ट में 23 विकेट लिए।

# अंबाती रायडू ने मेजर लीग क्रिकेट से नाम वापस लिया- 5 दिन बाद शुरू होना है टूर्नामेंट



**मुंबई।** अंबाती रायडू अमेरिका के टी-20 मेजर लीग क्रिकेट से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने इसकी वजह निजी कारण बताया है। हालांकि, माना जा रहा है कि रायडू ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की एपेक्स काउंसिल में भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी लीग में भाग लेने से पहले रिटायरमेंट के बाद एक साल की कूलिंग पीरियड के प्रस्ताव आने के बाद लिया है। इस प्रस्ताव को सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एजीएम में मंजूरी दी जाएगी। दरअसल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को यह चिंता सता रही है कि जिन खिलाड़ियों को IPL या टीम इंडिया में मौका नहीं मिल पाएगा, वे यहां से संन्यास लेकर विदेशी लीग में खेलने जा सकते हैं। ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्डने संन्यास के बाद एक साल की कूलिंग पीरियड रखने का प्रस्ताव रखा है। विदेशी लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने बोर्ड से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना पड़ता है। सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्डके इस प्रस्ताव को पारित हो जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट बोर्डरिटायरमेंट के साल बाद ही एनओसी देगी। वर्तमान में भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग में क्रिकेट, IPL और भारतीय क्रिकेट बोर्ड की ओर से संचालित डोमेस्टिक क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ही खेल सकते हैं।

# सिंधु-लक्ष्य कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे- मेंस डबल्स में कृष्णा प्रसाद गरागा-विष्णुवर्धन गौड़ का सफर समाप्त



**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। सिंधु ने अपना क्वार्टर फाइनल में फैंग जी को 21-13, 21-7 से हराया। वहीं लक्ष्य सेन ने जूलियन करागी को 21-8, 17-21, 21-10 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले आज रात 12 बजे के बाद खेले जाएंगे। पीवी सिंधु ने चीन की फैंग जी पर एकतरफा जीत दर्ज की। उन्होंने फैंग को 21-13, 21-7 से हराया। क्वार्टर फाइनल से पहले सिंधु को प्री-क्वार्टर फाइनल में वॉक-ओवर मिला था। उन्हें जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ मुकाबला नहीं खेलना पड़ा। अब सेमीफाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 जापान की अकाने यामागुची से होगा। सिंधु जहां सीधे गेम में जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन को जीतने के लिए मेहनत करनी पड़ गई। उन्होंने जर्मनी के जूलियन करागी के खिलाफ पहला गेम 21-8 से जीता। दूसरे गेम में उन्हें 17-21 से हार का सामना करना पड़ गया। लक्ष्य ने तीसरे गेम में वापसी की और 21-10 से गेम जीतकर मैच भी जीत लिया। सेमीफाइनल में लभ्य का सामना जापान के केंता निशिमोटो से होगा। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को 21-15, 21-11 से हराया था।

# अपनी कहानी लिखना चाहते हैं नीरज - बोले- अभी वर्ल्ड चैंपियनशिप का गोल्ड बाकी; इंटरव्यू देने की तरह लिखना भी सीख जाऊंगा



**मुंबई।** ओलिंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा ने अपनी कहानी लिखने की इच्छा जताई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नीरज चोपड़ा को इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उन्हें प्यार से भारत का गोल्डन बॉय कहा जाता है, जो एक तैयार हेडिंग की तरह है। वह अपनी कहानी लिखने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, एक वर्चुअल मीडिया इंटरेक्शन के दौरान नीरज ने कहा कि ÷मुझे लगता है कि अभी मुझे और खेलना है और अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। अभी तो वर्ल्ड चैंपियनशिप का गोल्ड बचा हुआ है! अगले महीने बुडापेस्ट (हंगरी) में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पूरी ताकत से तैयारी कर रहे हैं। वह वास्तव में किसी दिन भारत का गोल्डन बॉय बनने की अपनी यात्रा पर एक किताब लिखना चाहूंगा। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें क्या लगता है कि किताब लिखने के लिए कौन उपयुक्त होगा, तो उन्होंने जवाब दिया कि, हमारे देश में महान लेखक हैं जो संभवतः उनकी यात्रा के बारे में लिख सकते हैं, लेकिन समय आने पर वह अपनी कहानी अपने शब्दों में साझा करना चाहेंगे। शायद तब तक वह लिखना सीख चुके होंगे। ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने इंटरव्यू में बोलना सीख लिया है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह खुद जूनियरों को उनके महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले फोन करते हैं और प्रेरित करते हैं। "मैं खुद को युवा एथलीटों के लिए भैया (बड़े भाई) के रूप में देखता हूं। चाहे सीनियर हों या जूनियर, मैं सभी का सम्मान करता हूं।'

# अवनी ने पैरा-स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड मेडल- सोशल मीडिया पर जाहिर की खुशी



**जयपुर।** गोल्डन गर्ल अवनी लेखरा ने एक बार भारत का नाम दुनियाभर में रोशन किया है। शुक्रवार को अवनी ने ओजिसेक में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। ऋ2 10 मीटर एयर राइफल चैंपियनशिप में अवनी का मुकाबला स्लोवाकिया की वेरोनिका और यूक्रेन इरीना से हुआ था। जिसमें अवनी ने 248.3 पॉइंट से हासिल कर हासिल कर वर्ल्ड चैंपियनशिप अपने नाम की। वहीं अपनी शानदार जीत पर अवनी ने भी ट्वीट कर खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा की ओसिजेक 2023 WSPS वर्ल्ड कप की शानदार शुरुआत। ऋ2 10 मीटर एयर राइफल SHv इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। अब अगले मुकाबले का इंतजार कर रही हूँ। उम्मीद है इसी गति को जारी रख सकू। अपने शानदार खेल की बदौलत अवनी लेखरा को अब तक पद्मश्री मेजर, ध्यानचंद खेल रत्न, यंग इंडियन ऑफ द ईयर, पैरा एथलीट ऑफ द ईयर समेत कई पुरस्कार मिल चुके हैं। उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी उनके लिए एक स्पेशल XUV-700 कस्टमाइज करवा उन्हें गिफ्ट की थी। जिसे अवनी कई बार चलाती हुई भी नजर आ चुकी है। राजस्थान सरकार ने भी अपनी को नगद पुरस्कार के साथ ही वन विभाग में एसीएफ के पद पर नियुक्ति दी थी। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने उन्हें बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर बना रखा है। अवनी लेखरा ने टोक्यो में खेले गए पैरालिंपिक गेम्स 2020 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था।

## कारोबार

### सेबी ने एफएमआरसी पर लगाया 1 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने एक आदेश में एफपीआई नियमों का उल्लंघन करने के लिए फिडेलिटी मैनेजमेंट एंड रिसर्च कंपनी (एफएमआरसी) पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एफएमआरसी को एक साल और छह महीने तक आवश्यक पंजीकरण के बिना एक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक एफपीआई के रूप में काम करते पाया गया। एक अलग आदेश में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एफपीआई रेगुलेशन, 2019 के तहत धाराओं का उल्लंघन करते हुए जेपी मॉर्गन चेस बैंक पर 22.1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सेबी के नियमों के अनुसार, केवल पंजीकृत फॉरेन पोर्टफोलियो निवेशकों को ही शेयर बाजार में भाग लेने की अनुमति है। इसके अलावा, नियम में यह भी कहा गया है कि अगर एफपीआई निवेशकों के ओनरशिप में कोई भी बदलाव होता है, तो एफपीआई की योग्यता का एक बार फिर से मूल्यांकन किया जाएगा। अगस्त 2021 में डेजिग्नेटेड डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीडीपी) जेपीएमसी ने सेबी को फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स मनी मैनेजमेंट (एफआईएमएम) की मटेरियल इन्फॉर्मेशन में बदलाव की सूचना में देरी के बारे में सूचित किया।

# सिनेमाघर में सस्ती हो सकती हैं खाने-पीने की चीजें- जीएसटी काउंसिल की मीटिंग 11 जुलाई को, कैंसर की महत्वपूर्ण दवाएं टैक्स फ्री होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विस टेक्स काउंसिल की 50वीं बैठक 11 जुलाई को होने वाली है। इसमें कई चीजों पर टैक्स की दरों में कटौती की जा सकती है। बैठक में काउंसिल से सिनेमाघरों में मिलने वाले फूड आइटम्स और ड्रिंक्स पर त्तस्ब्र घटाने की उम्मीद है और कैंसर की दवा पर भी टैक्स छूट दी जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उम्मीद की जा रही है कि काउंसिल सिनेमाघरों में सर्व किए जाने वाले फूड आइटम्स और ड्रिंक्स पर मौजूदा समय में लगने वाले GST को 18% से घटाकर 5% कर सकती है। इसके अलावा मूवी टिकिट के साथ ही पॉपकॉर्न और ड्रिंक्स जैसे फूड आइटम को कंबाइन करके बेचा जाए तो मूल प्रोडक्ट के हिसाब से टैक्स लगाने का सुझाव भी दिया गया है। सिनेमा घरों के मालिक इसे लेकर लंबे समय से मांग कर रहे हैं। कैंसर की दवा डिनुटूक्सिमैब पर भी टैक्स छूट दिए जाने का एलान हो सकता है। फिटमेंट कमेटी का कहना कि, 'जिस दवा की कीमत 26 लाख हो और क्राउड फंडिंग से पैसा जुटाते हों उसे GST के दायरे से बाहर किया जाना चाहिए। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स इस पर सहमति जता चुके हैं। हालांकि गोवा ने इस पर 18% टैक्स रखने का सुझाव दिया है। इस दवाई पर अभी 12% GST लगता है।

#### इन पर भी टैक्स कम करने का प्रपोजल

- फिटमेंट कमेटी में केंद्र और अलग-अलग राज्यों के टैक्स ऑफिसर शामिल हैं। इस कमेटी GST काउंसिल को कई सिफारिशें दी हैं।
- खास मेडिकल जरूरतों और इलाज के लिए इम्पोर्ट होने वाले प्रोडक्ट और दवाओं को भी GST के दायरे से बाहर किया जा सकता है।
- सेटेलाइट लॉन्चिंग सर्विस देने वाली प्राइवेट कंपनियों को GST के दायरे से बाहर किया जा सकता है और सेस 22% करने की मांग है।
- मीटिंग में ये भी साफ किया जाएगा कि किसान जब कोऑपरेटिव सोसाइटी को कॉटन बेचते हैं, तो उस पर GST लगेगी या नहीं।
- काउंसिल ऑनलाइन गैमिंग, घुड़ दौड़ और कसीनों पर भी 28% GST लगाने पर फैसला सुना सकती है।
- इसके साथ ही मल्टी यूटिलिटी व्हीकल, पापड़, फ्लेक्स फ्यूल पान मसाला और तंबाकू पर GST को लेकर भी क्लैरिटी दी जाएगी।



सरकार ने जून 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 1.61 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं।

# गो-फर्स्ट को लीज पर विमान देने-वालों को हाईकोर्ट से राहत- कोर्ट ने विमानों की निगरानी और मेंटेनेंस की अनुमति दी




**नई दिल्ली।** कैश की तंगी से करीब दो महीने से बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट को लीज पर विमान देने वाली कंपनियों यानी लेसर्स को दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट की सिंगल जज बेंच ने लेसर्स को अपने 30 विमानों की निगरानी और मेंटेनेंस करने की परमिशन दे दी है। कोर्ट ने इस मामले में अंतरिम ऑर्डर जारी किया है। इसमें जस्टिस तारा वी गंजु ने कहा, 'गो फर्स्ट के कर्मचारी, विमान लीज पर देने वाली कंपनियों की अनुमति के बिना विमानों से जुड़ा कोई काम नहीं करेंगे। ऑर्डर में यह भी कहा गया है कि विमान काफी महंगे और तकनीकी रूप से जटिल हैं, इनको नियमित तौर पर मेंटमेंटेनेंस की जरूरत है। बेंच ने कहा कि लेसर्स को रिट पिटीशन के फाइनल डिस्पोजल तक अंतरिम रखरखाव करने के लिए महीने में कम से कम दो बार अपने विमान तक एक्सेस मिलेगा। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी घ्रक्तष्ट और संबंधित एयरपोर्ट अथारिटीज ये एक्सेस देंगे। हाई कोर्ट ने डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन और एयरपोर्ट्स से पूछा कि एयरलाइन के विमान कहां रखे गए हैं, ताकि अगले 3 दिनों में कंपनियां अपने विमानों तक पहुंच सकें। इस मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी। इससे पहले गो फर्स्ट के क्रेडिटर्स ने एयरलाइन रिवाइवल के लिए 425 करोड़ रुपए की अंतरिम फंडिंग को मंजूरी दी थी। गो फर्स्ट ने जुलाई में ऑपरेशन फिर से शुरू करने और 22 विमानों के साथ 78 डेली फ्लाइट ऑपरेट करने का प्लान बनाया है। कैश की तंगी से जूझ रही एयरलाइन के सभी विमान ग्राउंडेड है। जिन फर्म्स ने एयरलाइन को लीज पर विमान दिए है वो उन्हें वापस लेना चाहती हैं।

### खाद्य तेल-तिलहनों में गिरावट का रुख रहा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों से सस्ते खाने के तेलों के अधिक आयात के कारण दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल कीमतों के थोक दाम में गिरावट रही। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट है और शिकॉगो एक्सचेंज में घटबढ़ चल रही है। सोचे समझे खाद्यतेलों का आयात कर रहे हैं और स्थानीय बाजार में लागत से कम दाम पर बेच रहे हैं।

# रूस की तेल कंपनी ने जीके सतीश को हायर किया



**नई दिल्ली।** रूस की दिग्गज ऑयल कंपनी रोसनेफ्ट ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के एक पूर्व डायरेक्टर जीके सतीश को अपने बोर्ड में नियुक्त किया है। यह इस बात का संकेत माना जा रहा है कि रूस भारत के साथ अपने बिजनेस रिलेशंस को बढ़ावा देने पर विचार कर रहा है। एनर्जी कंपनी रोसनेफ्ट द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जीके सतीश रोसनेफ्ट के 11-स्ट्रांग बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के लिए चुने गए तीन नए लोगों में से एक हैं। वे रोसनेफ्ट के बोर्ड में नियुक्त होने वाले पहले भारतीय भी हैं। 62 साल के जीके सतीश IOC में बिजनेस डेवलपमेंट के डायरेक्टर थे। उन्होंने IOC से 2021 में रिटायरमेंट ले लिया था।

#### कतर और फिलीपींस के प्रतिनिधि भी शामिल

रोसनेफ्ट के बोर्ड में कतर और फिलीपींस के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। रोसनेफ्ट ने कहा, 'मोहम्मद बिन सालेह अल-सदा (दोहल यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के ट्रस्टीज बोर्ड के चेयरमैन) को रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चेयरमैन चुना गया है।' रोसनेफ्ट की रूस में ऑय एंड गैस फील्ड्स में जीके सतीश की पूर्व कंपनी IOC के साथ साझेदारी है। यह IOC और अन्य भारतीय कंपनियों को क्रूड ऑयल भी बेचती है और हाल के महीनों में इसने गुजरात रिफाइनर्स को नेफ्था भेजना शुरू किया है। जीके सतीश की नियुक्ति महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोसनेफ्ट अब लिक्विफाइड नेचुरल गैस की बिक्री सहित भारतीय कंपनियों के साथ ज्यादा से ज्यादा डील पर नजर रख रही है।

#### पेट्रोलियम प्रोडक्ट मार्केटिंग में एक्सपर्ट हैं सतीश

सतीश को इंडियन ऑयल एंड गैस मार्केट की गहरी जानकारी है। इसके अलावा वे पेट्रोकेमिकल्स, लिक्विफाइड नेचुरल गैस, इंटरनेशनल ट्रेड और पेट्रोलियम प्रोडक्ट मार्केटिंग में एक्सपर्ट हैं। सतीश रोसनेफ्ट बोर्ड के पांच इंडिपेंडेंट डायरेक्टर्स में से एक हैं। 1 सितंबर 2016 से IOC बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान सतीश इंडियन ऑयल अडाणी गैस प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन भी थे। CNG और पाइप्ड कुकिंग गैस की रिटेल सेल के लिए IOC ने अडाणी ग्रुप के साथ जॉइंट वेंचर किया था।

# गुस्साए ऊंट ने मालिक का सिर चबा डाला, तड़प-तड़प कर मौके पर मौत



**चूरू।** राजस्थान के चूरू जिले में एक ऊंट का खौफनाक पागलपन सामने आया है। यहां गुस्साए ऊंट ने अपने ही मालिक की जान ले ली। गुस्साया ऊंट का अपने मालिक का सिर चबा गया। इससे ऊंट मालिक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मालिक को मौत के घाट उतारने के बाद ऊंट वहीं बैठा रहा। इसके बाद में ग्रामीणों ने जैसे-तैसे करके शव को ऊंट के पास से हटाया।

दिल दहला देने वाली घटना चूरू जिले के अजीतसर गांव में हुई। वहां एक ऊंट ने अपने मालिक की जान ले ली। ऊंट के हाथों मौत का शिकार हुए शख्स 48 साल का रामलाल था। ग्रामीणों के अनुसार ऊंट ने खेत में अचानक अपने मालिक पर हमला बोल दिया। उसके बाद उसके सिर को अपने मुंह में लेकर चबा गया। इससे रामलाल तड़प उठा लेकिन वह कुछ नहीं कर पाया।

ऊंट ने रामलाल के सिर को इस कदर चबा डाला कि उसने मौके पर ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। रामलाल के परिजनों और ग्रामीणों को पता चला तब वे खेत में पहुंचे। वहां के हालात देखकर वे कांप उठे। लेकिन किसी ने ऊंट के पास जाने की हिम्मत नहीं की। बाद में सावधानीपूर्वक लोगों ने रामलाल को वहां से हटाया। इस दौरान लोगों ने उसका वीडियो भी बना लिया। ऊंट बार-बार अपने मालिक के शव पर मुंह को घुमा रहा था।

परिजन और ग्रामीण रामलाल को लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर्स ने रामलाल को मृत घोषित कर दिया। रामलाल को मृत घोषित करते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया।

उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले भी राजस्थान के बीकानेर जिले में एक ऐसी घटना हुई थी। उसमें दो ऊंटों की लड़ाई में एक ऊंट का मालिक बीच में आ गया था। इससे गुस्साया हुआ ऊंट अपने मालिक को नीचे पटककर मालिक को दबाकर बैठ गया था। इससे दम घुटने के कारण ऊंट मालिक की मौत हो गई थी। उस हादसे के बाद भी ग्रामीण सन्न रह गए थे। अब एक बार फिर ऐसी ही दूसरी घटना ने ग्रामीणों को डरा दिया है।

### हालात देखकर ग्रामीण कांप उठे

ऊंट ने रामलाल के सिर को इस कदर चबा डाला कि उसने मौके पर ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया. बाद में ऊंट मालिक के शव के पास बैठ गया. रामलाल के परिजनों और ग्रामीणों को पता चला तो वे वहां पहुंचे. वहां के हालात देखकर वे कांप उठे. लेकिन किसी ने ऊंट के पास जाने की हिम्मत नहीं की. बाद में सावधानीपूर्वक लोगों ने रामलाल को वहां से हटाया. इस दौरान लोगों ने उसका वीडियो भी बना लिया. ऊंट बार-बार अपने मालिक के शव पर मुंह को घुमा रहा था.

### डॉक्टर्स ने रामलाल को मृत घोषित किया

परिजन और ग्रामीण रामलाल को लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे. वहां डॉक्टर्स ने रामलाल को मृत घोषित कर दिया. रामलाल को मृत घोषित करते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया. घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और उसने शव को अपने कब्जे में ले लिया. बाद में शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया. हादसे की सूचना के बाद अजीतसर गांव में मातम पसर गया.

### पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना

उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले भी राजस्थान के बीकानेर जिले में एक ऐसी घटना हुई थी. उसमें दो ऊंटों की लड़ाई में एक ऊंट का मालिक बीच में आ गया था. इससे गुस्साया हुआ ऊंट अपने मालिक को नीचे पटककर उसे दबाकर बैठ गया था. इससे दम घुटने के कारण ऊंट मालिक की मौत हो गई थी. उस हादसे के बाद भी ग्रामीण सन्न रह गए थे. अब एक बार फिर ऐसी ही दूसरी घटना ने ग्रामीणों को डरा दिया है.

# तालिबान की मदद कर रही अमेरिका की खुफिया एजेंसी- अफगानिस्तान के पूर्व उप-राष्ट्रपति का दावा- सीआईए ने 2 रूसी हेलिकॉप्टर दिए




**काबुल।** मई 2021 में अमेरिका ने अचानक अफगानिस्तान में तालिबान से लड़ रही अपनी सेना को वापस बुला लिया था। अपने नागरिकों समेत उन लोगों को भी निकाला जिन्होंने तालिबान से लड़ने में अमेरिका की मदद की थी। अब अफगानिस्तान के ही पूर्व उप राष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह ने दावा किया है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी CIA तालिबान के साथ बैठकें कर रही है। CIA ने उन्हें 2 रूसी Mi-17 हेलिकॉप्टर भी दिए हैं। जो अभी काबुल एयरपोर्ट के पश्चिमी हिस्से में खड़े हैं। उन्होंने कहा- ये हेलिकॉप्टर तालिबान के कब्जे से पहले इस्तेमाल किए जाते थे और मेंटनेंस के लिए UAE ले जाए गए थे। CIA ने अब इन्हें तालिबान को सौंप दिया है।

### रणनीतिक फायदे के लिए तालिबान का इस्तेमाल

अमरुल्लाह सालेह ने अमेरिका पर तालिबान से साथ सांठ-गांठ करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि अमेरिका ने दोहा डील के जरिए तालिबान को करोड़ों दिए हैं। इसके जरिए अमेरिका तालिबान का इस्तेमाल अपने रणनीतिक हितों के लिए करना चाहता है। पंजशीर घाटी में तालिबान की जीत के बाद अमरुल्लाह सालेह ने अफगानिस्तान छोड़ दिया था। उन्होंने तालिबान से लड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। बाइडेन के जल्दबाजी में अफगानिस्तान ने सेना निकालने का सालेह ने विरोध भी किया था।

### क्या है वो दोहा डील जिसके जरिए तालिबान ने सीआईए से मुलाकात की

फरवरी 2020 में अमेरिका और तालिबान के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को हटाने की प्रतिबद्धता जताई थी। तालिबान भी अमेरिकी सैनिकों पर हमले बंद करने को तैयार हुआ था। तब से अमेरिका और तालिबान के बीच इसी दोहा डील के जरिए बातचीत होती है। समझौते में यह भी तय हुआ था कि तालिबान अमेरिका या इसके सहयोगियों के विरूद्ध काम नहीं करेगा। सालेह के मुताबिक ये डील अमेरिका की एक साजिश है जिसके जरिए वो तालिबान का इस्तेमाल अपने हितों के लिए करना चाहता है। 2001 में न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन पर 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश ने अमेरिका पर हुए हमले का बदला लेने का वादा किया था। हालांकि, सालों तक लड़ाई के बाद भी अमेरिका कामयाब नहीं हो सका। सैकड़ों सैनिकों की मौत और अरबों डॉलर खर्च करने के बाद भी लड़ाई का कोई नतीजा नहीं निकला।

## धोखाधड़ी करने वाले 1100 छात्रों को भारत भेजेगा अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** टैक्सास एवं न्यूयॉर्क की लगभग दो दर्जन अमेरिकन यूनिवर्सिटी में फर्जी तरीके से दाखिला लेने वाले छात्रों की सूची, अमेरिकी प्रशासन ने तैयार कर ली है। लगभग 1100 भारतीय छात्र 1 साल से अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। इन सभी ने वहां पर पार्ट टाइम जॉब के लिए रजिस्ट्रेशन भी करा लिया था। भारत के एक होटल में फर्जी तरीके से विभिन्न विश्वविद्यालयों की परीक्षा आयोजित कराई गई। जब इन छात्रों ने अमेरिका के कॉलेजों में दाखिला लिया। उसके बाद विश्वविद्यालय के सामने इनकी असलियत खुल गई। जाँच होने पर यह मामला उजागर हुआ है। इनमें से अधिकांश छात्र गुजरात के हैं।

## फेयरवेल में छात्रा की डरावनी इंट्री से देखने वालों के उड़ गए होश

**फ्लोरिडा।** एक छात्रा ने अपने स्कूल के फेयरवेल प्रॉम के लिए अजब तहर का ड्रामा ?किया, ?जिसे देखकर ज्यादातर लोगों के होश उड़ गए। हालां?कि यह इतना भा गया था ?कि लोगों ने बाद में ता?लियों से चीयर भी ?किया। गौरतलब है ?कि इस अवसर पर ज्यादातर छात्राएं खूबसूरत गाउन या कोई अन्य ड्रेस पहनती हैं। लेकिन 16 साल की अबी रिकेट्स ने अपने फेयरवेल के लिए कुछ अनोखी ही तैयारी कर रखी थी। वैम्पायर सुपरफैन अबी ने अपने क्लासमेट्स को सरप्राइज करने के लिए एक शो-स्टॉपिंग स्टंट की योजना बनाने में एक साल लगाया था। एक ताबूत और फ्यूनरल स्टाफ को शामिल किया था। अबी जब प्रॉम के लिए पहुंची तो उसने एक काली वैम्पायर ड्रेस पहनी हुई थी, वह 6 फीट लंबे ताबूत में बंद थीं और उसके हाथ क्रॉस थे। उसके साथ आए फ्यूनरल स्टाफ ने रेड कार्पेट पर ताबूत को रखा तो उसने बड़े नाटकिये अंदाज में अपनी आंखें खोलीं।

# रायबरेली में तालाब में डूबकर 5 बच्चों की मौत- बारिश में खेलते-खेलते नहाने लगे थे, गहरे पानी में दर्दनाक हुआ हादसा

**रायबरेली।** रायबरेली रायबरेली में शनिवार को तालाब में डूबकर 4 बच्चियों समेत 5 बच्चों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब बारिश में खेलते-खेलते बच्चे तालाब में नहाने चले गए। बच्चे गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए और डूब गए। मृतक बच्चों की उम्र 8 से 12 साल के बीच थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा गदागंज थाना क्षेत्र के मंगता डेरा मजरे बांसी गांव की है। एक साथ 5 बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मच गया। मृतक बच्चों में दो सगी बहनें वैशाली (12) और रुपाली (9) पुत्री विक्रम, सोनू का



बेटा अमित (8) और बेटी सोनम (10) के अलावा रितु (8) पुत्री जीतू शामिल हैं। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को समझाया। साथ ही मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस वक्त एक बच्चा आशीष मौके पर था। उसने बताया, "सभी लोग बारिश में घर के बाहर खेल रहे थे। अचानक एक-एक करके तालाब में नहाने के लिए उतर गए। थोड़ी देर किनारे पर नहाते रहे।" "इसके बाद दो बच्चे आगे बढ़ गए। वहां पर तालाब ज्यादा गहरा था। वो डूबने लगे तो उनके पीछे 3 बच्चे भी चले गए। एक-एक करके पांचों बच्चे डूब गए। मैंने जब यह देखा तो दौड़कर गया और आस-पास के लोगों को बुलाया। जब तक बच्चों को निकाला गया। तब तक सभी बच्चों की मौत हो चुकी थी।" हादसे में जान गंवाने वाली बच्ची ऋतु की मां बेटी की मौत की खबर सुनकर बेहोश हो गई। वह रोते हुए कहती हैं,"मेरी बेटी घर से खेलने के लिए निकली थी। कब तालाब किनारे पहुंच गई और नहाने लगी कुछ पता नहीं चला। मुझे पता नहीं था कि उसकी लाश आएगी।" वहीं, रुपाली की बहन ने रोते हुए कहा, ÷मेरी बहन मुझे बता कर गई थी कि बाहर खेलने जा रही हूं। मैं घर के दरवाजे पर बैठकर उसका इंतजार करती रह गई। लेकिन वह अब कभी नहीं आएगी। मुझे इस गलती का एहसास हो रहा है कि आखिर मैंने उसे रोका क्यों नहीं? गांव के लोगों ने बताया है कि ये तालाब बहुत पुराना है। गर्मी के सीजन में पानी कम होता जाता है, तब गांव के लोग मिट्टी निकाल लेते हैं।

# सगाई के 2 महीने बाद छात्रा का मर्डर- चेहरे-गले पर चोट के निशान, कपड़े अस्त-व्यस्त थे

**कन्नौज।** कन्नौज में सगाई के 2 महीने बाद BA की छात्रा की हत्या हो गई है। हत्यारोपियों ने वारदात के बाद छात्रा के शव को घर से 300 मीटर दूर झाड़ियों के बीच नहर में फेंक दिया। सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा, तो घरवालों को सूचना दी। छात्रा के चेहरे और गले में चोट के गहरे निशान थे। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। छात्रा शुक्रवार दोपहर में कॉलेज से घर लौटते समय लापता हुई थी। पुलिस को घटनास्थल से आम और पेन भी मिला है। इसे जांच के लिए भेज दिया है। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस ने गांव के 3 युवकों को



पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। साथ ही छात्रा के फोन की तलाश कर रही है। घटना ठठिया थाने के एक गांव की है। छात्रा की मां ने बताया, "2 महीने पहले बेटी की सगाई हुई थी। इसके बाद से गांव का एक लड़का उसे परेशान करते थे। फोन पर धमकी भी दी थी। उसी ने बेटी की हत्या की है। जहां हमारी बेटी का शव मिला है, वहां हम लोग शुक्रवार दोपहर को उसको ढूंढने गए थे, लेकिन तब वो वहां पर नहीं दिखी थी। आज वहीं पर बेटी का शव मिला है।" परिवार ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। मां ने बताया, "बेटी शुक्रवार सुबह को पेपर देने कॉलेज गई थी। दोपहर तक जब वह नहीं लौटी, तो हम लोगों ने पहले उसको फोन किया। पहले तो एक रिंग गई फिर फोन स्विच ऑफ हो गया। इसके बाद हम लोग डर गए। हम लोगों ने बेटी की दोस्त से उसके बारे में जानकारी ली। बेटी की दोस्त ने हमें बताया, वो उसके साथ में गांव तक आई थी।

# मुरादाबाद में 2 बच्चों के सामने मां का मर्डर- बेरेहम पति ने डंडे से पीटा, दुपट्टे से घोंटा गला

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में एक युवक ने अपने 2 बच्चों के सामने पत्नी की हत्या कर दी। युवक ने पहले आधी रात में पत्नी की डंडों से पिटाई की। इसके बाद पत्नी का दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद वह 4 घंटे तक पत्नी की लाश से लिपटकर रोने लगा। ताकि हत्या को आत्महत्या में बदल सके। लेकिन बच्चों ने सच बता दिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। लेकिन पहले तो उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। इसके बाद आरोपी ने



गुनाह कबूल किया। हत्यारोपी ने पुलिस को बताया,÷ हर दिन पत्नी झगड़ा करती थी। उसकी इस हरकत से परेशान हो गया था।÷ पुलिस ने दहेज हत्या में केस दर्ज कर पति आसिफ को गिरफ्तार कर लिया है। घटना पाकबड़ा थाना क्षेत्र में पाकबड़ा के मोहल्ला पंचायत घर की है। पाकबड़ा के हाशमपुर चौराहा निवासी खैरुलनिशा (30) की शादी करीब 5 साल पहले पंचायत घर मोहल्ला निवासी आसिफ के साथ हुई थी। आसिफ पेशे से मजदूर है। दंपती के दो बेटे अयान (4 साल) और अदनान (3साल) हैं। खैरुलनिशा के भाई जलालुद्दीन ने बताया कि शादी के बाद से ही आसिफ ने खैरुलनिशा को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया था। लोगों ने कई बार पंचायत के जरिए आसिफ को समझाने का प्रयास किया।

# सहारनपुर के जिला मजिस्ट्रेट ने कांवड़ियों के लिए बनाई रोटी- देहरादून रोड के कैंप में बोले-सबकी अपनी आस्था...

**सहारनपुर।** सावन में कांवड़ शुरू हो चुकी है। दिल्ली हाईवे पर हरिद्वार और कछला के गंगा घाटों की तरफ बढ़ते कांवड़िए देखे जा रहे हैं। इन्हीं तस्वीरों के बीच सहारनपुर के डीएम डॉ. दिनेश चंद्र का कांवड़ियों के लिए रोटी बनाने का एक वीडियो सामने आया है। पहले उन्होंने रोटियां बनाई, फिर कांवड़ियों को कैंप में भोजन परोसा। दैनिक भास्कर से बातचीत करते हुए डीएम सहारनपुर ने कहा कि मुझे यह सौभाग्य मिला। कांवड़ शिविर में शिवभक्तों की सेवा कर सका। लोगों को भी चाहिए कि



सावन के महीने में कांवड़ शिविर में अपनी सेवा दें। ये देश की सबसे लंबी यात्रा में एक है। बता दें कि सहारनपुर के डीएम डॉ. दिनेश चंद्र अपने कामों को लेकर चर्चा में रहते हैं। चाहे किसान सम्मान राशि को बुजुर्ग किसानों के घर तक पहुंचाने की घटना हो या किसानों को जाकर चेक देने की। ताजा घटना कांवड़ यात्रा में उनकी सेवा से जुड़ी है। 4 जून से शुरू हुई कांवड़ यात्रा में हरियाणा बॉर्डर से लेकर उत्तराखंड के बॉर्डर तक डीएम सहारनपुर खुद व्यवस्था संभाले हुए हैं। कांवड़ शिविर में आने वाले कांवड़ियों की सेवा करने के लिए खुद डीएम डॉ.दिनेश चंद्र पहुंच रहे हैं। देहरादून रोड स्थित एक शिविर में डीएम पहुंचे थे। एडीएम (एफआर) रजनीश मिश्र भी वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। डीएम डॉ.दिनेश चंद्र का कहना है कि यह आस्था है, जिसको लेकर सभी लोगों को सामने आना चाहिए। श्रावण मास में भगवान शिव की आस्था के चलते लाखों-करोड़ों कांवड़िये हरिद्वार की हर की पौड़ी से जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। सबकी अपनी-अपनी मन्नत होती है। कोई जल लेकर आता है तो कोई श्रद्धालु राह में सेवा देता है। डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा में किसी भी प्रकार की प्लास्टिक की पॉलीथिन का प्रयोग न करें। सहारनपुर के सभी शिविरों में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से बैन है।

# गाजियाबाद में जॉब करने वाली युवती ने किया धर्मांतरण- पिता से बोली- आप भी इस्लाम कबूल करो

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले एक बड़े गैंग का पर्दाफाश किया है। शनिवार को देवबंद मदरसे के छात्र अब्दुल्ला अहमद, कोचिंग चलाने वाले मोहम्मद मुशीर और प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी राहिल को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से अब्दुला और राहिल पहले हिंदू थे, जो अब मुस्लिम बन चुके हैं। इस गैंग के अब तक 7 युवक-युवतियों का धर्मांतरण कराने की बात पुष्टि हुई है। मोहम्मद मुशीर और राहिल उर्फ राहुल दिल्ली के संगम विहार के रहने वाले हैं। जबकि अब्दुल्ला उर्फ सौरभ खुराना पलवल का रहने वाला है। इस गैंग का मकसद क्या था? कौन इसको फंडिंग कर रहे थे? मास्टरमाइंड कौन है? फिलहाल ये बातें अभी तक साफ नहीं पाई हैं। गाजियाबाद में खोड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती नोएडा के सेक्टर-62 की कंपनी में बतौर टेलीकॉलर जॉब करती है। उसके पिता ने बताया, "मेरी बेटी का व्यवहार पिछले 5 महीने से एकदम बदल गया था। जब मैंने उसका मोबाइल चेक किया, तो उसमें धर्मांतरण करने की बात सामने आई। बेटी ने मेरे सामने भी कबूल किया कि उसने धर्म परिवर्तन कर लिया है।



और शरिया कानून की पढ़ाई कर रही है।" उन्होंने बताया, ""मेरी बेटी पूरी फैमिली से धर्म परिवर्तन करने के लिए कहने लगी। इसके बाद 7 जुलाई को मैंने इस बारे में थाने में राहुल अग्रवाल उर्फ राहुल के खिलाफ धर्मांतरण का मुकदमा दर्ज कराया।" इसके बाद पुलिस ने राहुल अग्रवाल उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद धर्मांतरण के इस पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश होता चला गया। DCP विवेक चंद्र यादव ने बताया, "2017 में राहुल अग्रवाल 12वीं की पढ़ाई के दौरान कोचिंग लेने मोहम्मद मुशीर के दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट पर पहुंचा। इस दौरान मुशीर ने उसका ब्रेनवॉश शुरू कर दिया। एक साल में उसने राहुल का धर्मांतरण भी करा दिया और फिर वह राहुल से राहिल बन गया। कोचिंग सेंटर के पास में ही अब्दुल्ला उर्फ सौरभ खुराना रहता है।" छ्ष्टक्क ने बताया, "अब्दुल्ला का इस कोचिंग पर आना-जाना था। AMU में साल 2014 में BDS की पढ़ाई के दौरान ही धर्मांतरण करके सौरभ खुराना अब अब्दुल्ला बन चुका है। दिल्ली में मुशीर ने अपने कोचिंग सेंटर पर अब्दुल्ला और राहिल की मुलाकात कराई। इसके बाद राहिल ने नोएडा ऑफिस में जॉब करने वाली गाजियाबाद की युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया।

# ईरान में 2 आतंकियों को सार्वजनिक फांसी- आईएसआईएस की मदद से शिया मस्जिद में किया था हमला; इस साल अब तक 354 लोगों को हुई फांसी



**शिराज।** शिराज ईरान की शिया मस्जिद में पिछले साल अक्टूबर में हमला करने वाले 2 आतंकियों को शनिवार को सार्वजनिक फांसी दी गई। स्टेट मीडिया IRNA के मुताबिक, शिराज शहर में सुबह-सुबह फांसी दी गई। सुनवाई के दौरान आरोपियों ने कबूल किया था कि वो अफगानिस्तान में आतंकी संगठन ISIS के संपर्क में थे। उन्होंने शाह चेराग मस्जिद पर हमला करने में आतंकियों की मदद की थी। IRNA ने बताया कि दोनों आरोपियों का नाम मोहम्मद रमेज रशीदी और नईम हशेम घोटाली है। दोनों को ईरान के सुप्रीम कोर्ट ने 16 मार्च को फांसी की सजा सुनाई थी। बता दें कि पिछले साल 26 अक्टूबर को शिया मस्जिद पर हुए हमले में 13 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। आतंकी संगठन द्बस्द्बस् ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

### 3 आतंकियों ने किया था हमला, 1 की अस्पताल में मौत

मस्जिद में अटैक का CCTV फुटेज भी सामने आया था। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, 3 हथियारबंद आतंकियों ने मस्जिद में दाखिल होते से ही फायरिंग शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस दौरान 2 आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक वहां से भागने में कामयाब हो गया था। हालांकि, बाद में उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद इनमें से मुख्य आतंकी की अस्पताल में मौत हो गई थी।

### पिछले साल पुलिस अधिकारी के हत्यारे को दी गई थी सार्वजनिक फांसी

इससे पहले ईरान में 24 जुलाई 2022 को एक मुजरिम को सार्वजनिक तौर पर फांसी की सजा दी गई थी। ईरान ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए इमान सब्जीकार को घटनास्थल पर ही फांसी दी गई थी। 2020 के बाद ये पहला मामला था जब ईरान में किसी को सार्वजनिक फांसी दी गई थी।

### 2022 में कुल 582 लोगों को मिली सजा-ए-मौत

ईरान में साल 2023 में अभी तक 354 लोगों को फांसी दी जा चुकी है। पिछले साल की तुलना में इस साल फांसी की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ईरान ने साल 2022 में 582 लोगों को फांसी की सजा दी थी। वहीं, तब शुरुआती 6 महीनों में सिर्फ 261 लोगों को ही सजा-ए-मौत दी गई थी। फांसी की सजा में आई तेजी को ध्यान में रखते हुए नॉर्वे स्थित ईरान ह्यूमन राइट्स ने एक चेतावनी भी जारी की।

# ईरानी महिला ने बैन के बावजूद मस्जिद में गाना गाया- गार्ड ने रोका तो विरोध किया



**तेहरान।** ईरान में महिलाओं पर कई तरह की पाबंदियां हैं। सार्वजनिक जगहों में गाने पर बैन उनमें से एक है। इसके बावजूद एक महिला ने ईरान के इशफान शहर में गाना गाया। ईरान में महिलाओं के मानवाधिकारों पर काम करने वाली एक्टिविस्ट मासिह अलिनेजद ने ये वीडियो शेयर किया है, जो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। मासिह ने लिखा है कि इतनी हिम्मत वाली औरतें ही एक दिन ईरान के महिला विरोधी लोगों को सत्ता से बाहर करेंगी। दरअसल, महिला ने ये गाना शहर की सबसे ऐतिहासिक मस्जिद में गाया है। इशफान शहर की मस्जिद में जब महिला गाना गा रही थी तो काफी लोग मौजूद थे। कुछ लोगों ने उसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद मस्जिद के गार्ड ने उन्हें गाना गाने से रोकने की कोशिश की तो उन्होंने इसका विरोध किया। वो गाना गाती रही, जिसके बाद गार्ड खुद वहां से चला गया। ईरान में पिछले साल हुए हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के बाद महिलाएं खुद पर लगी पाबंदियों के खिलाफ खुलकर सामने आ रही हैं। हालांकि, मस्जिद में गाना गाने वाली महिला ने अपना सिर ढका हुआ था। 2013 में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने एक फतवा जारी किया था। इसमें कहा गया था कि महिलाओं का गाना तभी मंजूर होगा जब तक उसे सुनकर किसी के अंदर गलत खयाल पैदा नहीं होते हैं। हालांकि, अगर ऐसा होता है तो महिलाएं न तो अकेले, न समूह में गाना गा सकती हैं।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।